www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

follow us on: 8894521702 | धर्मशाला | सोमवार, 25 मार्च, 2024 | 12 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 97, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के अंक में

- आगरा में पर्यटन संवारेंगे यूनेस्को व नॉट ऑन मैप
- भाजपा को सत्ता का लोभ इसलिए चली चाल: कांग्रेस

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- चामुंडा में चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से
- आजादी से पहले शिक्षा का दूसरा केंद्र था धर्मशाला

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- खड़ामुख-होली मार्ग पर 15 घंटे के बाद दौड़े वाहन
- चार मई तक बनवा लें अपना वोट

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- चौपाल में पर्यटन की अपार संभावनाएं, नहीं हो पाया दोहन
- देवरीघाट-टिक्कर सड़क का कार्य लंबे अरसे बाद हुआ शुरू

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

रॉयस चैलेंजर्स बेंगलुरु vs किंग्स इलेवन पंजाब

स्थान: बेंगलुरु, समय : रात 7:30 बजे

अनंत ज्ञान

**होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं**

'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं एवं विज्ञापनदाताओं को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

अनंत ज्ञान

**अंक बंद रहेगा**

होली पर 25 मार्च को अवकाश रहेगा। 26 मार्च को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 27 मार्च को उपलब्ध होगा।

–प्रबंधक

# ईडी की कस्टडी से केजरीवाल ने दिया वाटर सप्लाई का आदेश

## जल मंत्री आतिशी को चिट्ठी में दी हिदायत, कहा- लोगों को न हो कोई असुविधा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी की हिरासत में हैं। उन्होंने हिरासत से जल मंत्रालय को लेकर पहला ऑर्डर जारी किया है। यह आदेश उन्होंने लिखित चिट्ठी के जरिए जल मंत्री आतिशी को जारी किया है।



रविवार सुबह आतिशी ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। केजरीवाल ने कहा है कि पानी और सीवेज के मुद्दों का समाधान करें। केजरीवाल ने कहा है कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी और सीवेज को लेकर गंभीर समस्याएं हैं, मुझे इस बात की चिंता है। चूंकि मैं जेल में हूं, इसलिए लोगों को इसकी वजह से कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। गर्मी का मौसम भी आ रहा है। दिल्ली वालों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े, जिन इलाकों में पानी की समस्या हो रही हो, वहां तुरंत टैंकरों के जरिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को भी आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगर उन्हें कोई दिक्कत आ रही है वह तो वह सीधे उपराज्यपाल से संपर्क करें। आम आदमी पार्टी का कहना है कि भले ही केजरीवाल को जेल में रहना पड़े, वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम करते रहेंगे।

**जिन इलाकों में दिक्कत, वहां टैंकरों से पानी पहुंचाएं, मुख्य सचिव को कोई परेशानी हो तो उपराज्यपाल से करें संपर्क**

### आतिशी बोलीं– मुख्यमंत्री की चिट्ठी देख आए आंसू



**आतिशी** ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे एक पत्र और एक निर्देश भेजा है। इसे पढ़कर मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं सोच रही हूं कि यह कैसा शख्स है, जो जेल में होने के बावजूद दिल्लीवासियों की पानी और सीवेज समस्याओं के बारे में सोच रहा है। केवल केजरीवाल ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि वह खुद को दिल्ली के दो करोड़ लोगों के परिवार का सदस्य मानते हैं। आतिश ने कहा कि मैं भाजपा से कहना चाहती हूं कि आप अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते हैं, उन्हें जेल में डाल सकते हैं, लेकिन दिल्ली के लोगों के प्रति उनके प्यार और कर्तव्य की भावना को कैद नहीं कर सकते। 'आप' नेता जेल में हो सकते हैं, लेकिन दिल्ली में काम नहीं रुकेगा।

### गिरफ्तारी के विरोध में 31 को विपक्षी गठबंधन की महारैली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में विपक्षी गठबंधन 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा। आम आदमी पार्टी और दिल्ली कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं के साथ रविवार को दिल्ली में पत्रकारवार्ता में यह घोषणा की। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसी का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने के लिए कर रही है। उन पर फर्जी मामले बनाकर उन्हें फंसा रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव को भी केंद्र की एजेंसियां परेशान कर रही हैं। राय ने कहा कि हम इस संबंध में संबंधित विभागों से अनुमति मांग रहे हैं। अगर हमें रैली की अनुमति नहीं दी गई तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगा। उन्होंने दावा किया कि इस रैली में पूरी दिल्ली इकट्ठी होगी।

**विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश : अरविंदर**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। एक मुख्यमंत्री को पहली बार गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस के खाते सील किए गए हैं।

## प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, निचले क्षेत्रों में बारिश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। लाहौल–स्पीति, किन्नौर सहित कुल्लू व शिमला में रविवार सुबह बर्फबारी हुई है। वहीं, कुछ निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई।

शिमला में अंधड़ के साथ लगभग एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। शिमला में ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 24 घंटों में मौसम के साफ रहने के आसार हैं। 26 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा और 30 मार्च तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। 28 मार्च को अंधड़ व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। 26 व 27 मार्च को मैदानों को छोड़कर शेष हिस्सों में बादलों के बरसने की संभावना है। 28 से 30 मार्च तक पहाड़ों पर बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है।

**आज साफ रहेगा मौसम 26 से फिर बिगड़ेगा मिजाज 28 मार्च को येलो अलर्ट जारी**

### तापमान में चार डिग्री सेल्सियस गिरावट

**बर्फबारी** और बारिश होने से करीब तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

**न्यूनतम तापमान :** केलांग में न्यूनतम तापमान सबसे कम -0.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुकुमसेरी का न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री, शिमला का 11.4 डिग्री सुंदरनगर व भुंतर का 11.2 डिग्री, कल्पा का 3.4 डिग्री, धर्मशाला का 14.3 डिग्री, नाहन का 14.4 डिग्री, पालमपुर का 12.2 डिग्री, सोलन का 9.6, मनाली का 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया में आया भूकंप

**नई दिल्ली।** पापुआ न्यू गिनी में रविवार सुबह जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि पापुआ न्यू गिनी के पूर्वी सेपिक प्रांत में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया है, जिसमें कुछ लोगों के हताहत होने की संभावना है। लोगों को फिर से भूकंप आने की आशंका की चेतावनी दी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन के नीचे 35 किलोमीटर की गहराई पर था। वहीं, इंडोनेशिया में भी 5.7 तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### श्रीनगर में आतंकियों के चार सहयोगी काबू, हथियार बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पुलिस ने आतंकियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि चारों जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हुए थे। सभी के पास से भारी मात्रा में हथियार और बारूद जब्त किया है।

### पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पार्टी महामंत्री विनोद तावड़े की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## लाभार्थियों को छह माह में दें संशोधित वेतनमान: हाई कोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने पर्यटन विकास निगम को संशोधित वेतनमान का लाभ प्रार्थियों को छह माह के भीतर अदा करने के आदेश दिए हैं।



हाई कोर्ट ने 61 याचिकाओं का निपटारा करते हुए न्यायाधीश रंजन शर्मा ने स्पष्ट किया कि पर्यटन निगम को संशोधित ग्रेच्युटी भुगतान नियमों के मुताबिक ब्याज सहित छह माह के भीतर करना होगा। संशोधित लीव इनकैशमेंट का भुगतान छह फीसदी ब्याज सहित और छह माह का भुगतान भी करना होगा। संशोधित ग्रेच्युटी व लीव इनकैशमेंट का भुगतान न करने पर ब्याज का प्रतिशत बढ़कर नौ प्रतिशत हो जाएगा। इसके अलावा अलावा महंगाई भत्ता व बकाया 50 फीसदी अंतरिम राहत का भुगतान छह माह के भीतर करने के भी आदेश दिए। संशोधित पे स्केल के एरियर का भुगतान छह माह में न होने पर देय तिथि से नौ फीसदी ब्याज सहित अदायगी करनी होगी। याचिकाओं के अनुसार बार–बार आग्रह करने के बावजूद भी उन्हें इन लाभों से वंचित रखा गया। लंबे समय से अतिरिक्त महंगाई भत्ते व बकाया 50 फीसदी अंतरिम राहत का भुगतान भी नहीं किया गया। प्रदेश हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों से सहमति जताते हुए उपरोक्त आदेश पारित कर दिए।

**पर्यटन विकास निगम को दिए आदेश, भुगतान न करने पर ब्याज का प्रतिशत बढ़कर होगा नौ फीसदी**

### चुनाव से पहले पुलिस को बड़ी कामयाबी

## दिल्ली में तीन करोड़ कैश के साथ चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दिल्ली कैंट इलाके में चेकिंग के दौरान करीब तीन करोड़ रुपए कैश के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। यह कैश शाहदरा के एक स्क्रैप डीलर का है।



पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए चारों शख्स इसी स्क्रैप डीलर के लिए काम करते हैं। ये गुरुग्राम से कैश लेकर आए थे और करोल बाग में किसी को डिलीवर करना था। पुलिस ने इन आरोपियों को इनकम टैक्स विभाग को सौप दिया है।

**स्क्रैप डीलर का है कैश, उसी के पास सभी करते हैं काम**

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि रंगों के त्योहार होली का हमारी संस्कृति में विशेष महत्व है। यह त्योहार भाईचारे की भावना को सुदृढ़ कर देश की एकता, अखंडता को और मजबूती प्रदान करेगा। सीएम सुक्खू ने कहा कि होली उत्सव को हर संप्रदाय एवं धर्म के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द को और मजबूत बनाने में सहायता मिलती है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रदेश के लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।





## चंद्रयान–3 की लैंडिंग साइट का नाम होगा 'शिव शक्ति'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चंद्रमा** के दक्षिण ग्रुप पर लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश भारत बना था। चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग ने दुनियाभर के देशों की स्पेस एजेंसियों को हैरान कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अगस्त 2023 को चंद्रयान–3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखने की घोषणा की थी। इस ऐलान के करीब सात महीने बाद, इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आईएयू) ने मंजूरी दे दी है। अब चंद्रयान–3 की की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' होगा। प्रधानमंत्री ने कहा था कि शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प है और शक्ति हमें उन संकल्पों को पूरा करने की ताकत देती है। चंद्रमा का यह शिव शक्ति प्वॉइंट हिमालय से कन्याकुमारी तक जुड़ाव का एहसास कराता है।

**इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन की मिली मंजूरी**



### आईएमएफ ने रखी शर्त

## पाक को रोकना होगा तंबाकू का अवैध व्यापार

**लाहौर।** अपनी आर्थिक दुर्दशा दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से सहायता की बाट जोह रहे पाकिस्तान के पास उसकी शर्तों को पूरा करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। आईएमएफ ने संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) के समक्ष शर्त रखी है, जिसमें कहा है कि मदद के लिए तंबाकू का अवैध व्यापार को रोकना होगा। सभी स्थानीय सिगरेट निर्माताओं पर एक समान उत्पाद शुल्क लगाए। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, तंबाकू उद्योग से वार्षिक राजस्व को मौजूदा 250 अरब पाकिस्तानी रुपए से बढ़ाकर 600 अरब रुपए करने की क्षमता के साथ अवैध तंबाकू व्यापार पर नकेल कसना एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है।

### लेह में रक्षा मंत्री राजनाथ ने जवानों संग मनाई होली



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह (लद्दाख) में सशस्त्र बल के जवानों के साथ होली मनाई। रक्षा मंत्री ने जवानों को रंग–गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उन्हें होली की बधाई दी। रक्षा मंत्री ने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी सैनिक होने के नाते, भारत के प्रत्येक परिवार के सदस्य हैं। मैं भारत के सभी परिवारों के प्रेम का रंग लिए आपके बीच आया हूं। इच्छाशक्ति और साहस का दूसरा नाम भारतीय सेना है। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा तब बर्फीले ठंडे ग्लेशियर में, उबाल लाने वाली आपकी वीरता के कार्यों को याद किया जाएगा।

अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई–मेल anantgyaanadm@gmail.com

**चिंता** एक मरीज के उपचार पर आता है नौ से 10 लाख रुपए तक खर्च, सरकार ने ली जिम्मेदारी

## प्रदेश में 150 से अधिक मरीज हीमोफीलिया से पीड़ित

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** में 150 से अधिक मरीज हिमोफीलिया से पीड़ित हैं, जो चिंता का विषय बना हुआ है। आईजीएमसी में हिमोफीलिया का उपचार नि:शुल्क हो रहा है। हिमोफीलिया के एक मरीज के उपचार में नौ से 10 लाख रुपए खर्च आता है। अब यह सारा खर्चा सरकार उठा रही है।

डॉक्टरों का मानना है कि एक थैरेपी के लिए कम से कम डेढ़ लाख रुपए खर्च होते हैं। अब थैरेपी सहित दवाइयां भी नि:शुल्क दी जा रही हैं। यदि किसी मरीज का हिमोफीलिया सोसायटी में नाम दर्ज है तो वे मरीज भी यहां इलाज करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### 4,800 रुपए में लगता एक इंजेक्शन

हिमोफीलिया के मरीजों को चार हजार 800 रुपए का एक इंजेक्शन लगता है। ऐसे में एक मरीज को 30 से 50 के बीच इंजेक्शन लगते हैं। इससे मरीज को चार लाख रुपए से अधिक पैसे खर्चने पड़ते हैं। इससे आम लोग इलाज ही नहीं करवा पाते हैं, लेकिन अब यह सारे इंजेक्शन अस्पताल की तरफ से नि:शुल्क मिलेंगे।

**लक्षण :** शरीर में नीले निशानों का बनना, नाक से खून का बहना, आंख के अंदर खून का निकलना और जोड़ों की सूजन इत्यादि प्रमुख लक्षण हैं।

**उपचार :** अत्याधिक रक्तस्राव में 100 घन सेंटीमीटर का रुधिर आधान प्रति आठ घंटे के अंतर पर दिया जाता है। रुधिर आधान का प्रभाव कुछ घंटों तक ही रहता है। कई दिनों तक नहीं रहता। 100 से 180 घन सेंटीमीटर नूतन प्लाज्मा व हिमतुल्य शीतल प्लाज्मा दिया जाता है।

### साल में चार बार करवानी पड़ती है थेरैपी

हिमोफीलिया के मरीजों की साल में चार बार थैरेपी होती है, ताकि रक्त का बहना कम हो। एक मरीज को थैरेपी करवाने के लिए अढ़ाई से तीन लाख रुपए का खर्चा आता है, लेकिन अब यह निशुल्क थैरेपी होगी।

### हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग

हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है। इसमें शरीर से बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। इसके कारण चोट या दुर्घटना में यह जानलेवा साबित होती है, क्योंकि रक्त का बहना जल्द ही बंद नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार इस रोग का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी होती है, जिसे क्लॉटिंग फैक्ट्र्स कहा जाता है। इस फैक्टर की विशेषता यह है कि यह बहते हुए रक्त के थक्के जमाकर बहने से रोकता है। इस रोग से पीड़ित रोगियों की संख्या भारत में कम है।

## जीडीपी रैंकिंग में भारत ने कई देशों को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** जर्मनी, जापान और यूके जैसे देशों में पिछले कुछ सालों में जीडीपी (पीपीपी) रैंकिंग में गिरावट लगातार जारी है। वहीं, भारत ने जीडीपी (पीपीपी) में इन सालों में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है। जीडीपी (पीपीपी) का मतलब है खरीद की क्षमता पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद। सोशल पॉलिसी रिसर्च फाउंडेशन (एसपीआरएफ) के शोध के अनुसार, 2024 तक पीपीपी के आधार पर मूल्यांकन किया जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था यूके की तुलना में 3.6 गुना, जापान की तुलना में 2.1 गुना और जर्मनी की तुलना में 2.5 गुना ज्यादा है। 2022 तक चीन शीर्ष रैंकिंग वाले देश के रूप में उभरा था।

**जर्मनी, जापान और यूके जैसे देशों की रैंकिंग में गिरावट**

**सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि :** भारत की अर्थव्यवस्था में तीसरी तिमाही (अक्तूबर–दिसंबर 2023) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो आश्चर्यचकित करने वाली है। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के नवीनतम आंकड़ों की मानें तो वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए देश की आर्थिक विकास दर अब 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

### निगम प्रबंधन ने जारी किए निर्देश

# होली पर्व पर ऑन ड्यूटी शराब पी तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

होली त्यौहार पर एचआरटीसी में ऑन ड्यूटी चालक परिचालकों व अन्य कर्मचारियों को शराब का सेवन करना भारी पड़ सकता है। होली के दिन ऑन ड्यूटी कोई भी कर्मी शराब के नशे में मिला तो इस पर निगम प्रबंधन कार्रवाई करेगा।

एचआरटीसी प्रबंधन ने निगम के सभी चालकों व परिचालकों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रबंधन ने भी साफ किया है कि यदि होली के दिन कोई भी कर्मी ड्यूटी के दौरान वर्कशाप, बस या बस अड्डे पर नशे की हालत में पाया गया तो प्रबंधन नियमों के अनुसार कार्रवाई करेगा। प्रबंधन ने सभी आरएम को भी होली पर बस अड्डों, रेस्ट रूम व वर्कशॉप पर सभी गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रबंधन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं बस अड्डे, कार्यशाला जाए एवं शराबियों पर नजर रखें। यदि अधिकारियों की नजर में कोई भी निगम कर्मी जो की शराब का दिन में भी सेवन करता हो उन पर विशेष नजर रखें। शराब पीकर कोई भी बस न चलाए। इस का विशेष ध्यान रखा जाए। उधर, महाप्रबंधक एचआरटीसी, पंकज सिंघल ने कहा कि होली पर्व को लेकर सभी आरएम सहित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे बस अड्डों पर नजर बनाए रखें।

### दो दिवसीय कार्यशाला में लोगों के लिए सुझाव, चंबा सहित देश भर में काम कर रही संस्था

# आगरा में पर्यटन संवारेंगे यूनेस्को व नॉट ऑन मैप

**एम एम डैनियल ब्यूरो, चंबा**


कार्यशाला में भाग लेते यूनेस्को व नॉट ऑन मैप संस्था के अधिकारी।

नॉट ऑन मैप संस्था ने आगरा के लोगों को जिम्मेदार पर्यटन की बारीकियां सिखाईं। वहीं, टिकाऊ पर्यटन को लेकर जरूरी सुझाव भी लिए। ताजमहल व आगरा फोर्ट देखने के लिए काफी अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। आगरा फोर्ट व ताजमहल के अलावा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक पर्यटकों की पहुंच बनाई जाए।

इसके लिए मिनीस्ट्री ऑफ टूरिज्म दिल्ली की ओर से यूनेस्को व नोट ओन मैप संस्था के सहयोग से आगरा में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूनेस्को की ओर से नॉट ऑन मैप की टीम को विशेषज्ञ के तौर पर बुलाया गया। इसमें विशेषज्ञ ग्रीन लाइवलीहुड प्लानिंग डॉ. सचिन कुमार सहित नॉट ऑन मैप संस्था के संस्थापक कुमार अनुभव की ओर से लोगों के पर्यटन को अन्छुए स्थलों तक पहुंचाने के लिए सुझाव लिए गए। कार्यशाला में यूनेस्को नई दिल्ली बहुक्षेत्रीय क्षेत्रीय कार्यालय संस्कृति प्रमुख जूनही हान, नॉट ऑन मैप संस्था के संस्थापक कुमार अनुभव, हरित आजीविका योजना विशेषज्ञ डा. सचिन कुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आगरा दीप्ति वत्स, एडीए (आगरा विकास प्राधिकरण) की कुलपति अनीता यादव, महाप्रबंधक डबल ट्री हिल्टन आगरा श्याम कुमार, जीएम ताज होटल आईएचसीएल सेलेक्शन्स मनप्रीत चब्बा, सलाहकार जर्नी टू रूट्स (एनजीओ) बख्तियार खान, संस्थापक मुगल हेरिटेज वॉक राधे मोहन, संस्थापक-आगरा हेरिटेज वॉक ताहिर अहमद कुरैशी तथा सलाहकार शहरी विकास और विरासत प्रबंधन आगरा साहेना खान उपस्थित रहे।

सह-संस्थापक नॉट ऑन मैप मनुज शर्मा ने कहा कि नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से न केवल जिला चंबा, बल्कि देशभर में जिम्मेदार व टिकाऊ पर्यटन को लेकर कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## चुनाव लड़ने से भाग रहे कांग्रेस के बड़े नेताः जयराम



**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश समेत पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मतदान करेगा। देश पहली बार ऐसे प्रधानमंत्री को देख रहा है, जिसकी हर बात पत्थर की लकीर है। देश को पहली बार ऐसी मजबूत सरकार मिली है, जो कहती है वह करके दिखाती है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास के काम हुए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता तो चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं। हिमाचल में भी कांग्रेस का यही हाल है। झूठी गारंटियों के कारण प्रदेश में कांग्रेस की यह हालत हुई है। विधानसभा आम चुनाव में महिला सम्मान निधि के फर्जी फॉर्म भरवाकर कांग्रेस ने मातृशक्ति के साथ जो छल किया था, अब उसका हिसाब देने का वक्त आ गया है। आज वे महिलाएं फॉर्म भरवाने वाले स्थानीय स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपना पैसा मांगती हैं, तो उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है।

## कांग्रेस सरकार के 15 महीने निराशाजनकः रीना कश्यप



**शिमला।** हिमाचल सरकार ने मार्च के महीने में ही दूसरी बार लोन लेने का फैसला किया है। इस वित्त वर्ष में लोन की आखिरी किस्त के तौर पर 672 करोड़ रुपए उठाए जा रहे हैं। इस वित्त वर्ष के लिए दी गई लोन लिमिट का 100 फीसदी इस्तेमाल करना पड़ा है। इस धनराशि को मिलाकर इस वित्त वर्ष में करीब 8072 करोड़ का लोन सरकार ने उठाया है। इससे पहले इसी महीने 1100 करोड़ का लोन लिया गया था। पिछले वित्त वर्ष में सरकार ने 14000 करोड़ का लोन लिया है। भाजपा विधायक रीना कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 15 महीने निराशाजनक रहे हैं। इस सरकार ने केवल मात्र जनता को ठगने का काम किया है। यह सरकार जनविरोधी, नीति विरोधी, विकास विरोधी, कल्याण विरोधी है। प्रदेश में कुप्रबंधन के लिए कोई सरकार जानी जाएगी तो वह केवल कांग्रेस पार्टी की सरकार ही होगी।

## सत्ता हथियाने की साजिश कर रही भाजपाः पठानिया



**शिमला।** डिप्टी चीफ व्हीप केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा नेता भगवान राम के आदर्शों को भुलाकर धन-बल और अन्य हथकंडे अपनाकर सत्ता हथियाने की साजिशें रच रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं को पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की सलाह पर चिंतन करने की सलाह दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार का यह कथन बिलकुल सही है कि सिर्फ राम मंदिर का निर्माण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाना होगा। कांग्रेस के छह बागियों और तीन निर्दलियों का भाजपा में शामिल होना, इस बात की पुष्टि करता है कि सरकार गिराने की साजिशों के सूत्रधार हिमाचल भाजपा के नेता हैं। भाजपा ने ही उन्हें हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन की सैर कराई और एक महीने तक उन्हें महंगे फाइव स्टार होटलों में ठहराने के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि खर्च की। भाजपा नेता नौ पूर्व विधायकों को अपनी पार्टी में जोड़कर जश्न मना रहे हैं, नाटियां डाल रहे हैं, लेकिन अपनी पार्टी में सुलग रही चिंगारी को वे देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं। भाजपा नेता यह भी भूल रहे हैं कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन ही सर्वोपरी है।

# भरमौर में आग की भेंट चढ़े सैकड़ों फलदार पेड़


भरमौर की पंचायत संचूई के जंगल में लगी आग।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर की पंचायत संचूई के समीप शरारती तत्त्वों द्वारा लगाई गई आग की चपेट में आने से सैकड़ों सेब व अन्य फलदार पौधे जल कर राख हो गए।

आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते पान पत्ता के घने जंगल की तरफ भी फैल गई, जिससे सैकड़ों कायल, देवदार एवं अन्य जंगली प्रजातियों के पौधे इस आग की चपेट आ गए। आग सचूई गांव के साथ लगते खेतों से शुरू हुई, जो धीरे-धीरे जंगल की ओर बढ़ गई। गांववासी आग को बुझाने के लिय मशक्कत करते नजर आए। जंगल की तरफ आग को रोकने के लिए लोग वन विभाग के कर्मचारियों के साथ जुटे रहे। संचूई पंचायत के प्रधान संजीव ठाकुर ने बताया कि आग लगने की सूचना अग्निशमन केंद्र खड़ामुख को दी गई है। इस अग्निकांड में सचूइ गांव के लगभग आठ बागवानों के सेब के छोटे-बड़े पौधे जल गए हैं।

# भाजपा को चाहिए 10 का आंकड़ा

## नालागढ़, देहरा और हमीरपुर में जून में हो सकते हैं उपचुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़, बड़सर और लाहौल-स्पीति में उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। नालागढ़, देहरा और हमीरपुर में भी एक जून 2024 को ही उपचुनाव की घोषणा जल्द होने के आसार हैं।

उपचुनाव में अगर भाजपा ही सभी नौ सीटें जीती तो प्रदेश में फिर से राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। 68 विधानसभा क्षेत्रों में से कांग्रेस के पास अभी 34 और भाजपा के पास 25 विधायक हैं। नौ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुमत वाली सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को नौ में से सिर्फ एक और भाजपा को दस विधायकों का आंकड़ा चाहिए। प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में से कांग्रेस के पास अभी 34 और भाजपा के पास 25 विधायक हैं। नौ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं। छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़, बड़सर और लाहौल-स्पीति में उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। नालागढ़, देहरा और हमीरपुर में भी एक जून, 2024 को ही उपचुनाव की घोषणा जल्द होने के आसार हैं। प्रदेश में बहुमत वाली सरकार बनाने के लिए दोनों दलों को 35 विधायकों की आवश्यकता रहेगी। ऐसे में सत्ता की खातिर आने वाले दिनों में हिमाचल में और सियासी घटनाक्रम होने के आसार बने हैं। बहुमत साबित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के अलावा 34 विधायकों का संख्या बल जरूरी है। विधायकों की संख्या बराबर होने पर ही विधानसभा अध्यक्ष मतदान कर सकते हैं। अभी विधानसभा अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पास विधायकों की संख्या 34 हैं।

ऐसे में अगर बहुमत साबित करना पड़े तो कांग्रेस के 33 विधायक से सदन में मतदान कर सकेंगे। जून में होने विधानसभा के नौ उपचुनाव में अगर कांग्रेस सिर्फ एक सीट भी जीत जाती है, तो उसके पास बहुमत साबित करने वाले विधायकों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी। ऐसे में सरकार को कोई खतरा नहीं रहेगा। अगर कांग्रेस उपचुनाव में एक भी सीट नहीं जीती और भाजपा के प्रत्याशी ही नौ सीटों पर विजयी रहे तो भाजपा के विधायकों का आंकड़ा 25 से बढ़कर 34 हो जाएगा।

ऐसी स्थिति में कांग्रेस की सरकार अल्पमत में आ जाएगी। उधर, अटकलें हैं कि आने वाले दिनों में 35 विधायकों के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए और उथल-पुथल हो सकती है। दोनों राजनीतिक दल एक-दूसरे के विधायकों को तोड़ने की फिराक में रहेंगे।

### बहुमत वाली सरकार के लिए चाहिए 35 विधायक

**जानकार** बताते हैं कि विधायकों का संख्या बल अधिक होने पर अगर भाजपा सरकार बनाती है तो बहुमत साबित करने के समय उनकी स्थिति भी कांग्रेस जैसी हो जाएगी। सरकार के गठन के बाद भाजपा को अपना विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त करना होगा। सदन में बहुमत साबित करते समय विधानसभा अध्यक्ष फिर वोट नहीं दे सकेंगे। ऐसे में मतदान करने वाले भाजपा के विधायकों की संख्या घटकर 33 हो जाएगी। विधायकों के संख्या बल के अनुसार कांग्रेस के पास 34 का आंकड़ा रहेगा। इस स्थिति में प्रदेश में फिर सियासी संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसे में जिस भी राजनीतिक दल को प्रदेश में बहुमत वाली सरकार बनानी है, उसे कम से कम 35 विधायकों की जरूरत रहेगी।

### मंडी संसदीय सीट

## 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 17 प्रत्याशियों ने आजमाई थी किस्मत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

2019 में हुए लोकसभा आम चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट पर एक सांसद बनने के लिए प्रत्याशियों की भरमार थी, जब चुनावी नतीजे घोषित हुए थे तो यह पता चल पाया था कि उनमें कई प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हुई थी। वहीं, प्रत्याशियों की भरमार होने के चलते निर्वाचन विभाग को भी चुनाव करवाना कहीं न कहीं चुनौती से कम नहीं था।

हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट की बात करें तो यहां पर 2019 में हुए लोकसभा आम चुनाव में कई प्रत्याशी ऐसे थे, जिन्हें जीत तो छोड़िए, सम्मानजक हार तक नसीब नहीं हो सकी। प्रत्याशियों की भरमार ने चुनाव आयोग और प्रशासन के काम को बढ़ा दिया था। 2004 से लेकर 2019 के आम लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो मंडी लोकसभा सीट में सबसे ज्यादा प्रत्याशी 2019 में थे। प्रत्याशियों की लंबी सूची होने पर कहीं न कहीं निर्वाचन विभाग को चुनाव करवाना चुनौती से कम नहीं थे। बता दें कि 2019 के आम चुनावों में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस मुख्य पार्टियों के अलावा अन्य पार्टियों और आजाद प्रत्याशियों की सूची लंबी थी। लगभग 17 प्रत्याशी चुनावी संग्राम में उतरे थे। इनमें रामस्वरूप शर्मा, आश्रय शर्मा, दलीप सिंह, सेस राम, करतार चंद, खेम चंद, चंद्रमणि, मेहर सिंह, राजेंद्र सूर्यवंशी, शिव लाल ठाकुर, गुमान सिंह, घनश्याम चंद ठाकुर, कर्नल ठाकुर सिंह, देवराज भारद्वाज, धर्मेंद्र सिंह, ब्रिजगोपाल और सुभाष मोहन स्नेही शामिल थे, जिसमें रामस्वरूप शर्मा ने भारी मतों से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2021 के लोकसभा उपचुनाव की बात करें तो इस दौरान इस सीट से 7 प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें ब्रिगेडियर खुशाल चंद ठाकुर, प्रतिभा सिंह, अंबिका, मुंनी राम ठाकुर, अनिल कुमार, और सुभाष मोहन स्नेही थे। इनमें प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। 2014 में 9 प्रत्याशी चुनावी रण में उतरे थे। इनमें खुशाल चंद भारद्वाज, प्रतिभा सिंह, रामस्वरूव शर्मा, लाला राम शर्मा, जयचंद ठाकुर, दवेंद्र देव, दूनी चंद, भाग चंद राणा और सुभाष मोहन स्नेही शामिल थे, जिसमें रामस्वरूप शर्मा जीते थे। वहीं, 2013 के लोकसभा उपचुनाव की बात करें तो मंडी संसदीय क्षेत्र से 4 प्रत्याशी थे, जिनमें जयराम ठाकुर, प्रतिभा सिंह, लवन कुमार और सुभाष मोहन स्नेही थे। इनमें प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। वहीं, 2009 के लोकसभा चुनाव में 6 प्रत्याशी थे। इनमें डा. ओंकार शाद, लाला राम, वीरभद्र सिंह, हुकम चंद शास्त्री, शान मोहम्मद शामिल थे। इनमें वीरभद्र सिंह जीते थे। वहीं, 2004 के लोकसभा चुनाव में चुनावी जंग में प्रतिभा सिंह, महेश्वर सिंह, मोहन लाल साहनी, कश्मीर सिंह गुलेरिया और शान मोहम्मद पांच प्रत्याशी चुनावी जंग में थे। 2014 के बाद प्रत्याशियों का आंकड़ा मंडी संसदीय क्षेत्र से बढ़ता गया। 2019 में रिकॉर्ड प्रत्याशी इस संसदीय सीट से चुनावी रण में थे।

### न्यूज ब्रीफ

## पीटीए या पीरियड आधार पर कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के डिग्री और संस्कृत कॉलेजों में पीटीए, पीरियड और वर्क लोड आधार पर शिक्षकों और गैर शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है। इस बाबत उच्च शिक्षा निदेशालय ने सभी कॉलेजों के प्रिंसिपलों को आदेश जारी कर दिए। पत्र में स्पष्ट किया है कि ऐसी नियुक्तियों के लिए सरकार से वित्तीय मदद नहीं दी जाएगी। भविष्य में कानूनी अड़चन पड़ने पर संबंधित कॉलेज प्रिंसिपल ही जिम्मेदार होंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार के पास लगातार इस प्रकार की नियुक्तियां किए जाने की शिकायतें आई हैं। ऐसी नियुक्तियां होने के बाद संबंधित शिक्षक या गैर शिक्षक की ओर से स्थायी तौर पर रखने को लेकर कोर्ट में भी शरण ली जा रही है। ऐसे में सरकार ने इस बाबत सख्ती बरतते हुए कॉलेज स्तर पर इस प्रकार की नियुक्तियां नहीं करने के आदेश जारी किए हैं। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने बताया कि कॉलेजों में अस्थायी तौर पर किसी भी शिक्षक या गैर शिक्षक को नियुक्त नहीं किया जा सकता है। जिन कॉलेजों में इस प्रकार की नियुक्तियां दी गई हैं, वहां की रिपोर्ट तलब की गई है। इन नियुक्तियों के लिए वित्तीय मदद नहीं दी जाएगी।

## बरोटीवाला में 165 ग्राम अफीम के साथ एक यूपी निवासी गिरफ्तार

**बीबीएन।** बरोटीवाला थाना के तहत उत्तर प्रदेश के व्यक्ति से 165 ग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान आकाश कुमार निवासी बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से हुई, जो कि बरोटीवाला में किराये के मकान में रहता था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आकाश कुमार अपने रिहायशी मकान से अवैध रूप से नशे का धंधा करता है। पुलिस ने तुरंत दबिश देते हुए व्यक्ति के पास से 165 ग्राम अफीम बरामद की। मामले की जांच जारी है।

# भाजपा को सत्ता का लोभ इसलिए चली चालः कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। कांग्रेस के बागी विधायकों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से यह बात स्पष्ट हो गई है कि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे भाजपा नेताओं का सत्ता लोभ ही था।

स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भाजपा की शह पर ही बागियों ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की साजिश रची और जन भावनाओं से खिलवाड़ किया। स्वास्थ्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि जिन्हें पार्टी ने हाथ के चुनाव चिन्ह पर चुनाव जितवाया, सम्मान दिया और विभिन्न पदों पर सुशोभित किया। सत्य यह है कि सभी बागी निजी स्वार्थ के कारण कांग्रेस पार्टी से बाहर गए हैं और इसका प्रदेश की जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है।

कांग्रेस पार्टी को अपनी मां का दर्जा देने वालों ने अपनी मां की पीठ में छुरा घोंपा है और आज भाजपा की कठपुतली बन गए हैं। छह बागी विधायकों ने प्रदेश के इतिहास में अवसरवादी राजनीति का एक काला अध्याय जोड़ दिया है, जिसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करने वाली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सवा साल के छोटे से कार्यकाल में चुनाव के दौरान दी गई दस गारंटियों में से पांच को पूरा कर दिया है। सरकारी क्षेत्र में ही 22 हजार से अधिक पद भरे जा रहे हैं और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना शुरू की गई है। सरकारी कर्मचारियों के साथ किए गए वादे को निभाते हुए पहली ही कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा भी पूरा कर दिया गया है। दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है। मंत्रियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर चुनौती का सामना करने में समक्ष है और पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता एकजुट हैं। जनता ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है।

आने वाले लोकसभा चुनाव और उपचुनाव में प्रदेश के मतदान धन-बल की राजनीति को करारा जवाब देगी। कांग्रेस के प्रत्याशी बड़े अंतर से विजयी होंगे और प्रदेश की जनता स्वार्थी ताकतों और लोकतंत्र का मजाक बनाने वालों को सबक सिखाएगी। प्रदेश की जनता का समर्थन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ है।

## बागियों के भाजपा में शामिल होते ही ऊना में बड़ा सियासी उलटफेर

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश की सियासत में तूफान खड़ा करने वाले छह कांग्रेस के बागी विधायकों में दो ऊना जिला से भी संबंध रखते हैं। कांग्रेस पार्टी के विधायक रहे कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और गगरेट से चैतन्य शर्मा अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला ऊना में राजनीतिक समीकरण भी बदलने लगे हैं। इन विधायकों ने विधानसभा सदस्यता पर संभावित खतरे और उपचुनाव की परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा में एंट्री की है। अब उनके इस निर्णय को भाजपा के स्थानीय कर्मठ कार्यकर्ता किस हद तक पचा सकते हैं, यह कहना फिलहाल मुश्किल है।

ऊना जिले के दो विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलता हुआ दिख रहा है। गगरेट से संबंधित कांग्रेस के पूर्व में राष्ट्रीय सचिव और तीन बार विधायक रहे राकेश कालिया भाजपा से किनारा कर लेना कहीं न कहीं इस बात का भी संकेत है कि वे बागी विधायक को पार्टी में शामिल किए जाने के निर्णय से सहमत नहीं हैं। इतना ही नहीं भाजपा के लिए जिले के कुटलैहड़ और गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को एकजुट रखने में भी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। कुटलैहड़ से भाजपा की ओर से चार बार विधायक रहे पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं का दो दशक से नाता रहा है और यहां अभी तक भाजपा के संगठन की ओर से खुलकर बागी विधायकों के भाजपा में शामिल होने को लेकर कोई प्रतिक्रिया खास देखने को नहीं मिली है। हालांकि दविंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा के समर्थकों ने भाजपा के झंडे हाथ में लेकर अपनी खुशी व्यक्त की है, लेकिन यह तादाद इतनी नहीं थी, जिससे भाजपा आला नेतृत्व राहत की सांस ले सके। उधर, राकेश कालिया और राजेश ठाकुर के समर्थक भी खुलकर कुछ कहने से अभी तक बच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### एहतियात | डॉ. एनके गुप्ता की सलाह हर्बल रंगों से खेलें होली, मुंह और बालों पर सूखे रंग न लगाएं

# होली के रंग कहीं बिगाड़ न दें सेहत

**आर मोहन चौहान, सोलन**

रंगों के पर्व की खुशी और उमंग में कई बार होली का रंग हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। ऐसी परिस्थितियों में अपने शरीर का विशेष ध्यान रखने की जरूरत रहती है। रंगों से सिर्फ त्वाचा व आंखों को ही खतरा नहीं होता, बल्कि इससे फेफड़ों व पेट से जुड़ी दिक्कतें भी आ सकती हैं। इससे बचाव को लेकर सोलन अस्पताल से सेवानिवृत्त एमएस डॉ. एनके गुप्ता ने कुछ खास बातों का ध्यान रखने को कहा है।


उन्होंने कहा कि कमिकल युक्त रंग होली पर आपको रोग न दे जाएं, इसके लिए सावधान रहने की जरूरत है। कई बार होली खेलने के दौरान या बाद में कई सारी सेहत संबंधी समस्याएं आ सकती है। डॉ. एनके गुप्ता बताते हैं कि यदि आंखों में रंग चला जाए तो इसे साफ पानी से लगातार धोते रहना चाहिए। साथ ही डाक्टर के परामर्श पर दवा का सेवन करना चाहिए। इनमें लाल, हरे रंग अधिक नुकसानदायक होते हैं, जिससे आंखों को बचाकर होली खेलनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)


सोलन बाजार में सजी रंगों की दुकान में खरीददारी करते लोग।

### होली में बरतें ये सावधानियां

**बच्चों** के साथ बड़े हमेशा खड़े रहें, होली खेलने के लिए हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, सूखे रंग चेहरे व बालों पर न डालें, केमिकल वाले रंगों से चेहरे और स्किन को सुरक्षित रखने के लिए तेल लगाएं, आंख या मुंह में गलती से रंग चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और कुल्ला कर लें और मुंह के अंदर रंग न लगाएं।

### हरे रंग से बनाएं दूरी


डॉ. एनके गुप्ता

**होली** के केमिकल वाले रंगों से रैशेज, बर्निंग, खुजली और रेडनेस की समस्या देखने को मिल सकती है। कुछ लोगों को रंगों से एलर्जी भी हो जाती है, जिसके चलते स्किन पर छोटे-छोटे दाने उभर जाते हैं। ऐसे में हरे रंग से दूरी बनाए रखना चाहिए, यही वह रंग है, जिससे एलर्जी की समस्या अधिक रहती है। केमिकल वाले रंगों में खासतौर से सिलिका और सीसा मिलाया जाता है, जिनकी थोड़ी सी भी मात्रा आंखों में जाने पर आंखों को नुकसान हो सकता है। आंखों में खुजली के साथ जलन हो सकती है।

# जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए एक वास्तविक खतरा


विश्व मौसम विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र और शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के छात्रों और शिक्षकों ने विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया। यह कार्यक्रम मौसम विज्ञान पर चर्चा करने और मौसम, जल विज्ञान और पर्यावरण डेटा को इकट्ठा, प्रसारित और विश्लेषण करने, और जीवन को आरामदायक बनाने के लिए मौसम की भविष्यवाणी को संभव बनाने में शामिल लोगों की सराहना करने का एक दिवस में मनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए पर्यावरण विज्ञान विभाग के एचओडी डॉ. एसके भारद्वाज ने बताया कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए एक वास्तविक खतरा है जिसके प्रभाव दिखाई दे रहे हैं और हमें तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि जलवायु और मौसम हमारे जीवन की हर गतिविधि को प्रभावित करते हैं और इसलिए विशेषज्ञों द्वारा जारी की गई प्रारंभिक चेतावनियां जीवन बचाने में मदद करती हैं। इस अवसर पर वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. चमन लाल ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गय, जिसमें 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## प्रदेश में बनेगी भाजपा की सरकारः कश्यप

**नाहन।** शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने दावा किया है कि हिमाचल प्रदेश में जल्द भाजपा के ही सरकार बनेगी। सुरेश कश्यप पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा को सभी चार सीटों पर जीत मिलने वाली है, वहीं मौजूदा हालात देखकर लगता है कि प्रदेश में जल्द भाजपा ही सत्ता पर काबिज होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का सरकार से मोह भंग हो चुका है और अब कांग्रेस के ही विधायक पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार के समय में खोले गए कई महत्वपूर्ण संस्थान कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिए, जिसका लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस सरकार ने करीब 1500 संस्थान हिमाचल प्रदेश के भीतर बंद कर दिए जो पूर्व सरकार बने जनसुविधा के लिए खोले थे और अब उनके बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
PARADISE
Children Care Center
Chowari (Chamba)
Ajay Chambial
Managing Director


Prop. Rajesh
जवाला स्टील वर्क्स
की ओर से आपको और आपके परिवार को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं !
Gaggal, District Kangra. (Mob. 94594 32384)


Divine Dharamshala
Step Forward to a Smart Neighbourhood
होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मशाला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट


होली पर्व की समस्त
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
STAR
WINE TRADER
Wine contractor Dhaliara


होली पर्व की समस्त
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कालिया
जिला खनन
अधिकारी
धर्मशाला
श्री कविराज
प्रोजेक्ट मैनेजर
गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड
फोरलेन वर्क कांगड़ा टू रानीताल

KARTIKEYE BANQUET & RESORT
होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
KARTIKEYE
BANQUET & RESORT
Vill. Sidhpur, Ward No.7
Bindravan Palampur-176061 (H.P.)
Ph. +91 1894 236789
Mob. +91 94185 44444
+91 76500 31334
Email: thegrandkartikeye@gmail.com
Web.: www.kartikeye.com
Sanjay Rathore
Managing Director

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
GAYAN JYOTI
PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
NEUGAL PUBLIC SEN SEC SCHOOL
BINDRABAN PALAMPUR
CBSE AFFILIATED NEW DELHI AFFILIATION NO. 630128
NUR to 10+2 (All Streams)
Principal
- EFFECTIVE SUPPORTIVE ADMINISTRATERS
- A QUALITY PLAN & POLICY
- HIGHLY QUALIFIED EXPERINCED & DEDICATED FACULTY
- SCHOOL IS UNDER CCTV SURVEILLANCE
- A SAFE WELL ORGANISED LEARNING ENVIRONMENT FOR STUDENTS
- TRANSPORT FACILITIES AVAILABALE TO ALL AREAS
- ALL ROUND DEVELOPMENT THROUGH CO-CURRICULAR ACTIVITIES
Ph. 01894 232508, 8988171485, 9501587622
E mail : principal_npss@rediffmail.com

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
CRASH COURSE
NEET/IIT JEE/NDA 2024
Classes starting from: 12th, 16th, 21th & 30th March, 2024
OUR RECENT ACHIEVERS
Akul Sharma IGMC Shimla | Eliza IGMC Shimla | Ananya IGMC Shimla | Aditya Karan Walia AFMC Pune | Keshav Garg AIIMS Patna | Veronica Luna AIIMS Patna | Devansh Sharma AIIMS Jodhpur | Kshitiz Dogra AIIMS Delhi
Saksham Sharma MBBS Tanda | Rupali MBBS Nahan | Priyanka Choudhary MBBS Tanda | Kriti Sharma MBBS Tanda | Shubham Bhardwaj MBBS Chamba | Neha Dhiman MBBS Chamba | Kartikey Singh MBBS Mandi | Umang Sharma MBBS Mandi | Kanika MBBS Hamirpur
Harman Singh Heer MBBS Chamba | Abhay Singh Rana MBBS Nahan | Akhil Janjwal MBBS Tanda | Abhishek Sharma MBBS Nahan | Kartikeyia Sahai MBBS Kanpur | Rashi Sharma MBBS Chamba | Anushka Kalia MBBS Mandi | Arushi Walia MBBS Tanda
Vineet Sharma IIT Delhi | Pranjal Choudhary IIT Guwati | Anil Kumar IIT Ropar | Shivani Sen IIT Delhi | Komal Kumari IIT Kharagpur | Manish Kumar IIT Mandi | Shilpa MBBS Hamirpur | Abhay Singh Rana MBBS Nahan
Divyansh Pilot Air Force | Janit Sharma NDA | Varsham Jain NDA | Vinit Kumar NDA | Niyati Pathak MBBS Tanda | Apurv Parashar MBBS Mandi | Sakshi Sharma MBBS Mandi | Subhag Awasthi MBBS Mandi
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
SERVING SINCE 1995
RCC STUDY CENTRE धर्मशाला
88943-95895
70183 - 71320
Behind Hotel Centre Point, Civil Lines
www.rccdharamshala@gmail.com

ROYAL ACADEMY
8 YEARS OF EXCELLENCE
ADMISSIONS OPEN
CRASH COURSE & DROPPERS BATCH
NEET, NDA, JEE, CUET
20th March & 1st April
PRELIMS & MAINS
IAS, HAS, ALLIED, NT
GENERAL COMPETITION
HP POLICE, PATWARI, CLERK
P. SECRETARY, PARA-MILITARY
SSC-GD & OTHERS
TEACHING COURSES
HP-TET, C-TET & TGT-COMMISSION
(Arts, Medical & Non-medical)
HEAD OFFICE:- SYNDICATE AREA, NEAR SHITLA MATA MANDIR, OLD BUS STAND, PALAMPUR HELPLINE:- 01894-356185, 86268 85200

•Wishing you and your family a very bright, colourful and joyful Holi
- G.G.D.S.D COLLEGE RAJPUR, PALAMPUR
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, BAIJNATH
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, NAGRI
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL GHUGGAR (PALAMPUR)
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL SIDHPUR (MOHRALLA)
- BACHPAN PLAY SCHOOL NAGROTA BAGWAN
- S.D PUBLIC SCHOOL, NAGROTA BAGWAN

DR. VIVEK SHARMA
EXECUTIVE OFFICER
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

Dr S.C. SHARMA
GENERAL SECRETARY
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

SH. U.R. CHEEMA
H.A.S (RETD)
WORKING PRESIDENT
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

DR DESH BANDHU
PRESIDENT
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

Holyfaith Sr. Sec. School
PATHIAR
Affiliated to HPBOSE Dharamshala,
Affiliation No. 130704
himalyanholyfaithschool@gmail.com www.himalyanholyfaithschool.com
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Admission Open
From Class Nursery to Class +2
(Medical, Non Medical, Arts)
GEMS OF HOLYFAITH....
Satvik
Salient Feature
1. 100 % Results in Board Exams.
2. Creative Teaching
3. High Tech labs
4. SMART Class Rooms
5. Transport Facility
6. Highly Qualified & Experienced Teaching faculty.
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Holyfaith Sr. Sec. School
PATHIAR
98160-65788, 98055-11280, 98165-64808

BUDHA MAL & SON'S
JEWELLERS, PALAMPUR
आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Satish Karwal 9816055015
Manik Karwal 9816733344
SCANDAL POINT IN LALA BUDHA MAL EMPIRE IAMA, PALAMPUR, DISTT. KANGRA H.P.
CALL US 01894-231028 (S) M. 94599-77777
Follow us on: instagram, facebook, Whats App, Twitter

BHARDWAJ MULTI-SPECIALITY HOSPITAL
A Diabetes Gastro Centre
Facilities:-
- Diabetology
- Endoscopy
- Narrow Band Imaging
- Internal Medicine
- X-Ray (Digital)
- Advance Lab Facility
- Private Ward
- General Ward
- 24x7 Medical Emergency
- Stroke Thrombolysis
- 24 Hrs. Medicine Store
- Central Oxygen Supply

शुगर/मधुमेह के मरीज पूरे हिमाचल से 26 साल के अनुभवी रिटायर्ड सीएमओ डॉक्टर प्रेम भारद्वाज कर रहे ठीक
हिमकेयर कार्डस तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए रिवर्समेंट सुविधा उपलब्ध
Dr. Prem Bhardwaj
(Diabetologist), DFID CMC Vellore, MBBS, MD (Medicine)
Retd. BMO Specialist
Endoscopist (IGMC, Shimla, Gastro)
NH-20, NEAR RAILWAY CROSSING, VPO ARLA, PALAMPUR
Mob.: 98055-73338, 94184-73338, Ph.: 01894-238338

# होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



एम एम डैनियल, ब्यूरो चीफ चंबा
मो. 9418603787, 8894134153

**ओपी शर्मा**
उपप्रभारी एवं रिपोर्टर अनंत ज्ञान भरमौर।

**मुकेश कुमार**
रिपोर्टर अनंत ज्ञान डलहौजी

**आरके रांगड़ा**
सिटी रिपोर्टर अनंत ज्ञान जिला चंबा।

**बबलू पठानिया**
रिपोर्टर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र चुवाड़ी।

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




**कुमुद उपाध्याय**
अधिशाषी अभियंता
लोनिवि सलूणी मंडल
जिला चंबा

**रजत सहगल**
सहायक अभियंता
लोनिवि सब डिवीजन भलेई
जिला चंबा

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**अविनाश पाल**
सहायक प्रोफेसर
राजकीय महाविद्यालय
चंबा (हि.प्र.)

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ कविता बिजलवान**
जिला मीडिया समन्वयक (शिक्षा विभाग) चंबा

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**डीएस ठाकुर विधायक**
विधानसभा क्षेत्र डलहौजी

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




तोमर कंस्ट्रक्शन कंपनी (TCC) की ओर से प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

JAL SHAKTI ABHIYAN
Sanchay Jal, Behtar Kal



**देवेंद्र राणा**
सहायक अभियंता
जलशक्ति विभाग चुवाड़ी

---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**CHAMBA MILLENIUM PUBLIC SCHOOL**

AFFILIATED TO CBSS NEW DELHI

From :- Nursery to 10+2



Akash Mahajan
Principal

---

# होली
## पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं













---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**MINJAR HOSPITAL**

VPO SAROL, CHAMBA (H.P.)

*We Take care of your Health*

MINJAR HOSPITAL

Ph. :- 01899 293526

यहां पर दूरबीन द्वारा पत्थरी, रसौली आदि के ऑपरेशन किए जाते हैं।

सिजेरियन व नार्मल डिलीवरी की सुविधा निःसंतान दंपतियों के लिए विशेष ईलाज की सुविधा

आधुनिक ऑपरेशन थियेटर
Mob. : 94183 12126, 96255 91099

24 Hour Emergency Service

रोगी वाहन सेवा भी मौजूद है




---

होली पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

- स्वच्छता कायम रखना हर
- नागरिक का प्रथम कर्तव्य है
- खुले में कूड़ा न फैंके। सदैव
- कूड़ेदान का प्रयोग करें
- स्वच्छ वातावरण की देगा आपको
- स्वच्छ एवं खुशहाल जीवन



**एसके पाठक**
प्रभारी ग्लोबल सैंटीटेशन सर्विसेज जिला चंबा

सफलता पूर्णता, कड़ी मेहनत, असफलता से सीखने, निष्ठा और दृढ़ता का परिणाम है। -कॉलिन पॉवेल



## संपादकीय

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर निर्वाचन विभाग

हिमाचल प्रदेश का निर्वाचन विभाग इस बार सूबे में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर है। विभाग ने वर्ष 2019 के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाली 22 विधानसभा क्षेत्रों में पर फोकस कर वहां मतदान प्रतिशतता बढ़ाने का संकल्प ले लिया है। निर्वाचन विभाग ने इस विशेष अभियान का नाम '22 गोइंग टू 72' रखा है और इसकी बाकायदा शुरुआत भी हो गई है। मकसद सिर्फ एक ही है कि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के मतदान प्रतिशत 72.42 में इस बार वृद्धि हो जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग इस विशेष अभियान की कमान संभाले हुए हैं। निर्वाचन विभाग की इस पहल की जितनी ज्यादा प्रशंसा की जाए कम है। यह वाकई काबिलेतारीफ फैसला है। लोकतंत्र के महापर्व में जितने ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी होगी उतनी ही अच्छी बात लोकतंत्र के लिए होगी। हिमाचल ही नहीं, बल्कि समूचे देश में अभी कई लोग ऐसे हैं जो वोट देने से कन्नी काटते हैं। यानी वह अपने मताधिकार का उपयोग करना ही नहीं चाहते। या यूं कहें कि उन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास ही नहीं है। कुछ लोग अभी भी यही धारणा पाल रखते हैं कि उनके एक वोट से क्या हो जाएगा, जबकि एक वोट की कीमत बहुत ही ज्यादा होती है। एक वोट से कभी सरकार बन भी जाती है और कभी गिर भी जाती है। कम वोटिंग से कई बार अयोग्य प्रत्याशी सत्ता की कुर्सी तक पहुंच जाते हैं। अगर शासन-प्रशासन में अच्छे लोग नहीं होंगे तो फैसले भी अच्छे नहीं होंगे। वह अपनी बुद्धिमत्ता के दम पर कभी विकास भी नहीं करवा पाएंगे। इसलिए मतदान प्रतिशतता बढ़ना लाजिमी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करना जरूरी है। हर बूथ स्तर पर जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। इसमें विभिन्न क्लबों को भी सक्रिय किया जा सकता है और उनकी मदद से चुनावी साक्षरता अभियान चलाए जाने चाहिए। जनता जनार्दन की भागीदारी इसमें ज्यादा से ज्यादा होनी चाहिए, चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा। पिछले चुनाव में कई कर्मचारियों ने भी अवकाश के बावजूद वोट नहीं दिया था। इस बार ऐसा न हो इस बात की गारंटी अभियान से जुड़े लोगों को लेनी होगी। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग पारदर्शी चुनाव के लिए कई कदम उठा रहा है। दूसरी ओर, चुनावी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल खूब हो रहा है, जिससे लोगों को वोट डालने में सुविधा हो रही है और उनका समय भी बच रहा है। भविष्य में चुनाव आयोग अब ई-वोटिंग की ओर भी कदम बढ़ा रहा है। अगर पूरे में देश में ई-वोटिंग हो जाएगी तो निश्चित रूप से मतदान में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग इसी तरह निरंतर सुधारों की ओर अग्रसर रहे।

# जाति, पंथ और उम्र से परे जीवंत 'महाउल्लास' है होली

प्रकृति नित्य नूतन है। यह आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंत:पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इस स्रोत का नाम है 'उत्स'। उत्सव इसी आनंदरस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है, जबकि भारत में उत्सव देश-काल तय करता है। यहां नदियां हंसती नृत्य करती हुई गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य दर्शनीय हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबंदी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है।

द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसंत है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अंत: प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्राय: शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है। आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल। होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिंदू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ और उम्र से परे जीवंत महाउल्लास है।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्वाध्यक्ष

होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोंढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिंदुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह संपूर्ण भारतीय जन का उल्लास है, लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परंपरा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भारत भूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते हैं, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडंति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं, लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्ता है। ऋषि अग्नि से कहते हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीत गाता नृत्य करता है। वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# होली पर आंखों का रखें ध्यान, रंगों से बचाएं

होली खेलते समय ज्यादातर लोग अपनी त्वचा और बालों को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं, लेकिन अपनी आंखों के प्रति लापरवाही कर बैठते हैं। होली खेलते समय अगर कोई केमिकल या खराब रंग आपकी आंखों में चला जाए तो यह आपकी आंखों की पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे ग्लूकोमा, आंखों में सूखापन और आंखों की नजर कमजोर हो सकती है।

आंखों में खराब केमिकल पड़ने से जलन होने लगती है और आंखों में पानी आने लगता है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी आंखों को तुरंत हाथों व रुमाल से रगड़ने लगते हैं। लेनिक, ऐसा बिलकुल नहीं करना चाहिए। इससे कॉर्निया में घर्षण हो सकता है और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। आंखों को रगड़ने की वजह से रंग आंखों के अंदर तक फैल सकता है, जिससे आंखें लाल हो सकती हैं। इससे आंखों में सूजन या संक्रमण की समस्या भी हो सकती। ऐसे में जितना संभव हो अपनी आंखों को रंगों से बचाकर रखें।



लेखक : यूपी रतन
आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं ए. प्रोफेसर

अगर आंखों में रंग चला जाए तो कॉटन के कपड़े से आंखों को साफ करें। आंखों की अच्छी और पूरी तरह से सफाई के लिए एक स्टेराइल आई वॉश सॉल्यूशन का उपयोग करें। आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत राहत के लिए सादे पानी से आंखों को धो लेना चाहिए। लेकिन ध्यान रखें कि पानी को आंखों में छिड़कने से पहले जरूरी है कि आप अपने हाथों को अच्छी तरह धो लें। साफ हाथों से आंखों को धोने से रंग आसानी से निकल जाता है। लेकिन आंखों पर पानी के छींटे मारने से बचना चाहिए।

आंखों को धोने के बाद भी अगर आंखों में हल्की जलन हो रही है तो इससे राहत पाने के लिए गुलाब जल की एक-दो बूंद आंखों में डाल सकते हैं। अगर गुलाब जल नहीं है तो आंखों में डालने वाला कोई बेसिक आई ड्रॉपभी डाल सकते हैं। आंखों में गुलाब जल या आई ड्रॉप डालने के बाद आंखों को जबरन खोलने की कोशिश करें। हालांकि इसमें थोड़ी मुश्किल लगेगी लेकिन धीर-धीरे आंखें क्लीन हो जाएंगी। आंखों से रंग निकल जाए तो कद्दूकस किया हुआ खीरा कुछ देर के लिए अपनी बंद आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक मिलेगी और जलन कम होगी। होली के रंगों से अपनी आंखों को सुरक्षित रखने के लिए और सूरज की हानिकारक किरणों से आंखों को सुरक्षित रखने के लिए धूप के चश्मे पहनें। हो सके तो चश्मा पहनकर ही होली खेलें। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

होली गीत

## होली में हुड़दंग




राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

चलो रे साथी आज करें कुछ
होली में हुड़दंग।
सभी को ले आलिंगन में हम
खूब लगाएं रंग ।।
चलो रे साथी आज करें कुछ
होली में हुड़दंग।।
मीठा पान सुपारी ले मुंह मीठा
भी करवाएं।
पीले लाल हरे कुछ नीले रंग
सब पर बरसाएं ।।
मतवाले हैं देखो सारे पीकर घोटा
भंग।।
चलो रे साथी आज करें कुछ
होली में हुड़दंग।
सबके चेहरों पर है छाई आज
घटा मतवाली।
कोई लगाता रंग प्रिये को किसी
ने पकड़ी साली।।
शिष्टाचार में रहना भैया पड़े न
रंग में भंग।।
चलो रे साथी आज करें कुछ
होली में हुड़दंग।।
बच्चों ने पकड़ी पिचकारी
भरकर उसमें पानी।
रंग बिरंगी बौछारों से गीली
करदी नानी।।
जी भर खेलो लेकिन न हो कोई
भी हमसे तंग।।
चलो रे साथी आज करें कुछ
होली में हुड़दंग।

# 'होली' समग्र अस्तित्व को जागृत करने वाला सामुदायिक उत्सव

पर्व और उत्सव अक्सर प्रकृति के जीवन क्रम से जुड़े होते हैं। ऋतुओं के आने-जाने के साथ ही वे भी उपस्थित होते रहते हैं। इसलिए भारत का लोकमानस उसके साथ विलक्षण संगति बिठाता चलता है जिसकी झलक गीत, नृत्य और संगीत की लोक कलाओं और रीति-रिवाजों सबमें दिखती है। साझे की जिंदगी में आनंद की तलाश करने वाले समाज में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। हमारा मूल स्वभाव तो यही सुझाता है कि हम प्रकृति में अवस्थित हैं और प्रकृति हममें स्पंदित है। थोड़ा विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अनोखा उपहार, क्योंकि सारी तकनीकी प्रगति के बावजूद अभी तक जीवन का कोई विकल्प नहीं मिल सका है। यह अलग बात है कि प्रकृति या दूसरे आदमियों के साथ रिश्तों को लेकर कृतज्ञता का भाव अब दुर्लभ होता जा रहा है। फाल्गुन के महीने की पूर्णिमा से यह उत्सव पूरे भारत में शुरू होता है और बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का सामुदायिक उत्सव हमें अपने समग्र अस्तित्व को जागृत करने वाला होता है। वह हमें हमारे व्यापक अस्तित्व की याद दिलाता है। आज इस तरह की बात आसानी से हमारे ध्यान-पटल पर नहीं उतरती। वहां जिन विचारों, अनुभवों और भावनाओं की आपाधापी है, जिनके बीच मारकाट मची हुई है, उनकी भीड़ में आज न प्रकृति को आंख भर निहारने की फुर्सत मिल रही है और न यह सच्चाई ही महसूस हो पा रही है कि हम मूलत: प्रकृति जीवी है। पर इस सच को नहीं झुठलाया जा सकता कि जीवन निरपेक्ष नहीं होता। प्रकृति है तो ही जीवन है। जल, पृथ्वी, आकाश, अग्नि और वायु जैसे तत्व जीवन के अनिवार्य प्राणदायी आधार स्रोत हैं और आगे भी बने रहेंगे। प्रकृति माता है और हम सब पर प्रकृति का अकूत ऋण है। इस प्रकृति को चुनौती देती और उसे तबदील कर मानव निर्मित तकनीकी सबकुछ पर हावी हो रही है।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति)

नित्य बढ़ते तमाम दबावों के बीच डूबता-उतराता आज का आदमी अपने जीवन में तकनीकी के प्रवेश के साथ खुद अपनी प्रकृति या स्वभाव को बेगाना बनाता जा रहा है। उसका तकनीक जीवी बनता जा रहा मानस जीवन और प्रकृति के साथ अपने अटूट रिश्ते को भूलता-बिसराता जा रहा है। तकनीक के सहारे जीवन में तेजी त्वरा और गति ने कुछ इस तरह प्रवेश किया है कि अब दिन-प्रतिदिन की जगह क्षण-प्रतिक्षण होने वाली उथल-पुथल का हिसाब रखने और उसको संभालते रहने की उतावली बनी रहती है। अब पग-पग पर तकनीक की जरूरत पड़ रही है और तकनीक के बढ़ते दखल से बेचैनी भी बढ़ रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं रंगों का त्योहार

होली का पर्व हिंदू धर्म में बड़े ही हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया जाता है, जिसमें आस्था, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाता है। आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में होली का त्योहार बड़े ही प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का त्योहार मूल रूप से हिंदुओं का है, लेकिन भारत के अनेकों क्षेत्रों में अन्य समुदाय के लोग भी इस त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस पर्व पर आपसी भाईचारे, प्यार, और गिले-शिकवे को दूर करके हम आपस में प्यार, सानिध्य और भाईचारा बनाए रखने का परिचय भी देते हैं, जो भारत की एकता, अखंडता और विभिन्नता को एकता के सूत्र में बांधता है। देश भर में होली का विशेष महत्व रहता है, जिसे हम सभी भारतवासी को बड़े ही आदर भाव, प्यार, भाईचारे और आस्था के साथ मनाना चाहिए, ताकि हम आने वाली नई पीढ़ी को इस धार्मिक और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के वाले पर्व को मनाने के प्रेरित करते रहें।

इस प्रकार आज हम सभी को इस पवित्र होली त्योहार पर एक शपथ और देश हित में प्रयास करना चाहिए कि हम अपने गिले-शिकवे और आपसी मन-मुटाव को भी होली के इस पवित्र त्योहार में रंगों के गुलाल को लगाकर दूर करें और अपने क्षेत्र, समाज को आगे बढ़ाने और जागरूक करने के लिए सभी को आगे बढ़ाने और जरूरतमंदों का सहारा बनें, तभी शायद हमारा मनुष्य जीवन सार्थक हो सकता है। हमारे देश में हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन होली मनाई जाती है।होली के त्योहार को देशभर में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। इस दिन पूरा देश गुलाल-अबीर और रंग में सराबोर रहता है। हर कोई एक-दूसरे पर प्यार के रंग बरसाते हैं। होली के रंगों को प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है।

कृष्ण नगरी मथुरा में बड़ी ही धूमधाम से होली का पर्व मनाया जाता है। कृष्ण-राधा के प्रेम में रंगने के लिए और ब्रज की होली के साक्षी बनने के लिए दूर-दूर से भक्त यहां आते हैं। होली में भगवान नारायण और महादेव की भी पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, माता पार्वती महादेव से विवाह के लिए कठिन तप कर रही थी, वहीं भगवान शिव भी अपनी तपस्या में लीन थे। शिवजी और मां गौरी के पुत्र के हाथों द्वारा ही राक्षस ताड़कासुर का वध निश्चचित था। ऐसे में भोलेनाथ और माता का विवाह होना बहुत ही जरूरी था। तब इंद्र और अन्य देवताओं ने मिलकर कामदेव को शिवजी की तपस्या भंग करने के लिए भेजा। कामदेव ने शिवशंकर की तपस्या भंग करने के लिए उनपर 'पुष्प' वाण छोड़ा दिया। इससे शिवजी जी की समाधि भंग हो गई और उन्होंने क्रोध में आकर अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया। लेकिन शिवजी की तपस्या तो भंग हो चुकी थी, तब देवताओं ने उन्हें पार्वती जी के साथ विवाह करने के लिए राजी कर लिया। वहीं कामदेव की पत्नी रति ने अपने पति को दोबारा जीवित करने की प्रार्थना की। तब रति को अपने पति के पुनर्जीवन का वरदान मिला। इसके बाद शिवजी और माता पार्वती की विवाह की खुशी में देवताओं ने इस दिन को उत्सव की तरह मनाना शुरू किया। कहते हैं वो दिन फाल्गुन पूर्णिमा का ही दिन था।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

होली हिंदुओं का सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। सनातन धर्म में प्रत्येक मास की पूर्णिमा का बड़ा ही महत्व है और यह किसी न किसी उत्सव के रूप में मनाई जाती है। उत्सव के इसी क्रम में होली, वसंतोत्सव के रूप में फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह दिन सतयुग में विष्णु भक्ति का प्रतिफल के रूप में सबसे अधिक महत्वपूर्ण दिनों में से एक माना जाता है।

हिंदु धर्म के अनुसार होलिका दहन मुख्य रूप से भक्त प्रह्लाद की याद में किया जाता है। भक्त प्रह्लाद राक्षस कुल में जन्मे थे परंतु वे भगवान नारायण के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप को उनकी ईश्वर भक्ति अच्छी नहीं लगती थी, इसलिए हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को अनेकों प्रकार के जघन्य कष्ट दिए।

उनकी बुआ होलिका, जिसको ऐसा वस्त्र वरदान में मिला हुआ था, जिसे पहन कर आग में बैठने से उसे आग नहीं जला सकती थी। होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए वह वस्त्र पहनकर उन्हें गोद में लेकर आग में बैठ गई। लेकिन भक्त प्रह्लाद की विष्णु भक्ति के फलस्वरूप होलिका जल गई और प्रह्लाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। शक्ति पर भक्ति की जीत की खुशी में यह पर्व मनाया जाने लगा। साथ में रंगों का पर्व यह सन्देश देता है कि काम, क्रोध,मद, मोह एवं लोभ रूपी दोषों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में मन लगाना चाहिए।

होली का त्योहार राधा-कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी जुड़ा हुआ है। पौराणिक समय में श्री कृष्ण और राधा की बरसाने की होली के साथ ही होली के उत्सव की शुरुआत हुई। आज भी बरसाने और नंदगांव की लट्ठमार होली विश्व विख्यात है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनसहयोग के बिना नशा तस्करी पर लगाम असंभव

देवभूमि नशा तस्करी का अड्डा बनती जा रही है। नशा एक ऐसा जहर जो आम आदमी के बौद्धिक, शारीरिक और मानसिकता पर दुष्प्रभाव डालता है। समाज में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के पीछे नशा प्रवृति का प्रचलन भी काफी हद तक जिम्मेदार है। हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन से देवभूमि की साख को भी बहुत बड़ा खतरा है। देवस्थली में नशे का कारोबार आगामी पीढ़ी के भविष्य साथ खिलवाड़ कर रहा है। युवा वर्ग नशे की दलदल में फंस कर आत्महत्या तक कर रहे हैं। इस शांतप्रिय प्रदेश में आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ना भी चिंताजनक है।

वहीं, नशा तस्करी मामलों के खुलासे बड़े चौकाने वाले हैं। हिमाचल पुलिस ने इस वर्ष के शुरुआत में अभी तक 431 एनडीपीएस के मामल पकड़ हैं, जिनमें दो विदेशी लोग भी शामिल हैं। हिमाचल पुलिस की नशा माफिया के खिलाफ छेड़ी इस मुहिम में अभी तक 620 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 8090 नशीली गोलियां, 3057 नशीले कैप्सूल, 300 प्रतिबंधित सिरप, 50 किलो चरस, 6 किलो अफीम, 2 किलो चिट्टा, 17 किलो से अधिक गांजा और भारी मात्रा में भुक्की बरामद की है। शिमला जिला नशा माफिया पर लगाम कसने में प्रथम पायदान पर हमेशा रहा है। लेकिन सबसे दुखद पहलू यह है कि देवभूमि में नशा तस्करी में विदेशी लोगों सहित हिमाचल प्रदेश की महिलाएं भी संलिप्त हैं।

हिमाचल प्रदेश पुलिस नशा माफिया के खिलाफ दिन-रात अभियान छेड़े हुए है, बावजूद इसके इतने मामले उजागर होने के पीछे आम जनमानस का सहयोग नहीं मिलना है। क्या युवा पीढ़ी को नशों के चंगुल से बचाने का काम सिर्फ पुलिस का है, आम आदमी का इसमें कोई सरोकार नहीं, यह बड़ा सवाल है? हिमाचल प्रदेश में आज ऐसे अनैतिक काम भी हो रहे हैं, जो देवभूमि होने के नाते प्रतिबंधित होने जरूरी हैं। नशा तस्करी सहित जिस्मफरोशी का धंधा भी खूब चल रहा है। कई होटलों में पुलिस ने इस धंधे में संलिप्त युवतियों को गिरफ्तार कर इस गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य सहित धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। देश, विदेश के पर्यटक हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती का नजारा देखने यहा आते हैं। लेकिन, हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों में भी आस्था की आड़ में धार्मिक पर्यटन दूषित होता जा रहा है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कुछ पर्यटक हिमाचल प्रदेश में सिर्फ मौज-मस्ती करने के लिए ही आते हैं। अनेक घटनाओं में पर्यटक पुलिस के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं और उनके पास घातक हथियारों का मिलना बिगड़ती कानून व्यवस्था का संकेत ही कहा जा सकता है। अगर बात करें सरकारों की तो ये शराब बिक्री में खूब राजस्व कमाना चाहती हैं। आज शहरों में शराब ठेकों से अधिक गांवों में अवैध शराब की ब्रांच खुल चुकी हैं। सुबह से लेकर देर रात तक शराब के शौकीन इन ब्रांचों पर जमाबड़ा लगाए रखते हैं। समाज पर इसका क्या विपरीत असर पड़ रहा, ऐसा सोचने का समय किसी के पास नहीं है।

पंचायतों सहित महिला मंडल, युवक मंडल की भूमिका सरेआम बिकते नशों के प्रति नकारात्मक है। वोट बैंक की राजनीति के चलते सब कुछ देखते हुए आंखें बंद रखना जनता के सेवकों की आदत बन चुकी है। नतीजन आज हर गली, मोहल्ले में ड्रग्ज की तस्करी हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी का कुल आंकड़ा कितना है, यह प्रदेश सरकारों ने कभी सार्वजनिक नहीं किया है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल बेरोजगारी को जड़ से खत्म किए जाने के बेरोजगार युवाओं को सपने दिखाते हैं। अभिभावक लाखों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई पर खर्च कर रहे हैं। शिक्षित होने के बावजूद भी युवाओं को रोजगार की दरकार है। आज का युवा बेरोजगारी से तंग आकर मानसिक पीड़ा को झेलते हुए नशों के चंगुल में फंसता जा रहा है। वहीं, कुछ युवा राजनीतिक संरक्षण में नशे की तस्करी करके रातों-रात अमीर बनने की और निकल पड़े हैं। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि लोग नशा पूर्ति के लिए प्रतिबंधित दवाओं, कैप्सूल और सिरप को निगलते जा रहे हैं। अगर देश का भविष्य नशे की गिरफ्त में ही रहेगा तो फिर हम अच्छे और सभ्य समाज की कल्पना कतई नहीं कर सकते। यह भी सच है कि समाज में नशे के उन्मूलन को लेकर कई अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जनता के सहयोग के बिना नशा तस्करी पर काबू पाना बहुत बड़ी चुनौती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**तकनीक** इंसान के काम को आसान करने के लिए होती है, लेकिन जब इसका दुरुपयोग होने लगता है तो यह तकनीक वरदान की जगह अभिशाप बनने लग जाती है। क्या आपने नोट किया कि इन दिनों आप अपने दिन का अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ ही बिता रहे हैं। यह न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? । सेल फोन की लत से सिर्फ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेल फोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। **-स्वास्तिका, पपरोला**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा



जन जागरण अभियान में जानकारी देते डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत शासन के वार्ड नंबर चार हमीरपुर में कांग्रेस के जन जागरण अभियान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी पांच गारंटियों को एक साल के भीतर पूरा कर दिखाया है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि भाजपा का दोगला चेहरा उस समय सामने आया जब वह महिलाओं को दिए जाने वाली इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि जो की 1500 रुपए है उसे रोकने के लिए इलेक्शन कमीशन के द्वार पहुंचे, जबकि यह योजना पहले से ही लाहौल-स्पीति में जारी है और इस बजट में सारे हिमाचल की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए घोषित है, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं के इस राशि को भाजपा ने चुनाव आयोग के सामने बंद करने की कोशिश की है।


उन्होंने कहा कि जनता आने वाले लोकसभा और उपचुनाव में इन भ्रष्टाचारियों आरोग्य विधायकों को और भाजपा को सबक सिखाएगी। इस मौके पर प्रधान अंजना देवी, उपप्रधान अरुण, सिकंदर, बीडीसी के वाइस चेयरमैन संजीव शर्मा का अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सुजानपुर होली मेले का 300 वर्ष पुराना इतिहास

## पहले टिहरा में महाराजा संसार चंद खेलते थे होली, बाद में चौगान में जनता के साथ होली खेलने का सिलसिला हुआ था शुरू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सुजानपुर के चौगान में मनाए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली मेले का इतिहास तकरीबन 300 साल पुराना है। होली, इसी चौगान से तकरीबन तीन किलोमीटर दूर टिहरा में खेली जाती थी, तब महाराजा संसार चंद अपने महलों के बाहर इसे खेलते थे, लेकिन महाराजा संसार चंद ने कुछ समय के बाद इस होली को सुजानपुर के चौगान मैदान में प्रजा के साथ खेलना शुरू किया था। अब तभी से यहां होली इस चौहान में खेली जाती है। इसे तकरीबन 10 साल पहले प्रदेश सरकार ने राष्ट्र स्तरीय दर्जा दिया था। यहां जिस मुरली मनोहर मंदिर से पूजा कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाता है, वह भी महाराज संसार चंद ने ही पंडित को दिया था। हालांकि सरकारी तौर पहले यह मेला जिला, फिर राज्य और अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



टिहरा से यूं दिखता है चौगान।

### देश भर के व्यापारी यहां करते हैं व्यापार

**विश्व** के सबसे प्राचीन कटोच वंश के 481वें महाराजा संसार चंद ने यहां के चौगान में 1795 में प्रजा के साथ पहली बार राजमहल में तैयार खास तरह के गुलाल से तिलक होली खेली थी। अब इस चौगान में राष्ट्रीय होली आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय शोध संस्थान नेरी के शोध में भी महाराजा संसार चंद के इतिहास पर शोध हो सुजानपुर में ही मंगोलिया देश के राजदूत भी पहुंचकर शौध में हिस्सा रह चुके हैं। श्री कृष्ण के उपासक रहे महाराज संसार चंद उनके बाद सबसे ज्यादा होली खेलने में अव्वल माने गए हैं।



मुरली मनोहर मंदिर।

### मंगोलिया देश जुड़ा से इतिहास

**कटोच** वंश का इतिहास मंगोलिया देश तक जुड़ा है। जिस पर मंगोलिया के दूत सुजानपुर में पहुंचकर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। महाराजा की सेना में दो अंग्रेज विदेशी अधिकारी भी थे। जिनमें ओब्राइन आइरिश व जेम्स अंग्रेज थे, जो अंग्रेज सेना के अनुरूप सैनिकों को प्रशिक्षित करते थे। होली के दिन सेना के अलावा रानियां और राजा भी सुजानपुर में एकत्र हो जाते थे।

### अब भी हैं कटोच वंश के वंशज

**कांगड़ा** और जोधपुर की पूर्व सांसद एवं राज्य में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच वंश के 489वें वंशज हैं। उनके बेटे ऐश्वर्य कटोच हैं। 1795 को सुजानपुर के अस्तित्व में आने से पहले टिहरा में भी होली होती थी। संसार चंद का जन्म 1765 को हुआ था। पिता तेग चंद की जगह उन्हें राजगद्दी मिली थी। 1823 को उनकी मृत्यु हुई थी।

### मेले के तीसरे रोज जमकर खेली जाती है होली

**सुजानपुर** के चौगान में राष्ट्र स्तरीय इस मेले के तीसरे रोज जमकर होली खेली जाती है, इसमें प्रशासन राजनीतिक या और जनता बड़ी तादाद में शिरकत करती है। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में इस बार आखिरी स्टार संध्या 26 मार्च को होगी, जिसमें सतिंद्र सरताज हिस्सा लेंगे।

# पूर्व सैनिकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमेन हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिकों ने लूहना (बड़ोह के पास) पूर्व सैनिक डिफेंस अकेडमी में भारत के क्रांतिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा वन रैंक वन पेंशन के ऊपर भी गहन चर्चा की।

इस बैठक का आयोजन पूर्व सैनिक डिफेंस अकादमी के प्रबंधक पवन डोगरा तथा कैप्टन कर्म सिंह धीमान द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों की लंबित मांग एक रैंक एक पेंशन में आई विसंगतियों पर केंद्र सरकार को घेरा तथा उसकी भर्त्सना की कि पिछले एक साल से पूर्व सैनिक धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनको केंद्र सरकार अनदेखा कर रही है।

पूर्व सैनिकों ने यह फैसला लिया कि वे देश की मुख्य पार्टियों से आग्रह करेंगे कि वह अपने चुनाव मेनिफेस्टो में वन रैंक वन पेंशन भाग-दो की मांग को दुरुस्त करने और इसको सही रूप में देने का वादा करें, तभी हम उनके साथ चुनाव में भाग लेंगे। अन्यथा उन्हें चुनाव का बहिष्कार करने अथवा नोटा दबाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सभा की अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा ऑफ सर्विस मैन हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि सरकार उनकी मांगों को जान-बूझकर अनदेखा कर रही है। इस शहीदी दिवस तथा महारेली में हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के वॉयस चेयरमैन एवं सैनिक व वीर नारियां उपस्थित रहीं।



शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक।

**कहा, वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दुरुस्त करने का वादा करें पार्टियां**

# बाबा बालक नाथ ट्रस्ट को भंग करना सरकार की मजबूरी

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए बड़सर के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट को सरकार द्वारा आनन-फानन में भंग करना पड़ा, क्योंकि सरकार को पता था कि ट्रस्ट में अधिकतर सदस्य इंद्रदत्त लखनपाल पाल समर्थक हैं।

उन्होंने बताया कि जब अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होनी थी तो कांग्रेस हाई कमान द्वारा फरमान जारी किया गया था कि वहां पर कांग्रेस पार्टी से कोई नहीं जाएगा और यह बात अंदर ही अंदर मुझे खाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के प्रति मेरे अंदर विरोध उस समय ज्यादा पनपा जब हमने राज्यसभा सांसद के चुनाव में हिमाचल के व्यक्ति को वोट किया। कांग्रेस हाई कमान द्वारा जिस व्यक्ति को राज्यसभा सांसद चुनने के लिए भेजा था वह सुप्रीम कोर्ट में हिमाचल के हितों के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है और हमने हिमाचल के व्यक्ति को ही वोट डाला। उन्होंने कहा कि हमें सरकार ने सोचने का मौका भी नहीं दिया और आनन-फानन में हमें अयोग्य घोषित कर दिया गया। जिसके चलते हमने कुछ विधायक ने मन बनाया की हम भाजपा ज्वाइन करेंगे।

**28 मार्च को गलू में पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का होगा स्वागत**

उन्होंने यह भी कहा कि बाकी के कांग्रेस के विधायक भी अपने बारे में जल्द ही सोच लें और आगामी समय में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से जो भी आदेश होंगे हम उनको को पूरा करेंगे। अब इस सारे घटनाक्रम के बाद 28 मार्च को इंद्रदत्त लखनपाल बड़सर पहुंच रहे हैं जहां पर बड़सर गलू में उनका भारतीय जनता पार्टी व उनके समर्थकों द्वारा स्वागत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बाबा की नगरी में रविवार को 30 हजार श्रद्धालुओं ने किए गुफा दर्शन

**अनंत ज्ञान टीम, बिझड़ी/हमीरपुर**

विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में आजकल चैत्र मेले लगे हुए हैं। रविवार को 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं में गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। शनिवार को ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था, बाबा के भक्त जयकारों के साथ गुफा दर्शन करने पहुंच रहे थे।

मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई स्थान पर पेयजल व्यवस्था का रखी थी ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। अधिकतर श्रद्धालु शाहतलाई से बाबा जी के बड़े-बड़े झंडे लेकर नंगे पांव गुफा दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। गुफा दर्शनों के बाद श्रद्धालु गदीसीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी से भी आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं।



बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन।

मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि रविवार को लगभग 30000 के करीब श्रद्धालुओं में गुफा दर्शन करके 28 लाख 42 हजार रुपए बाबा की गुफा में अर्पण किए हैं। सोना जीरो प्वॉइंट तीन ग्राम 250 एमजी चांदी 236 ग्राम 730 एमजी इंग्लैंड पाउंड 65 यूएसए डॉलर 306 कनाडा डॉलर 40 ऑस्ट्रेलिया डॉलर 30 यूएई दिरहम 295 कतर रियाल 50 कुवैत डॉलर 30 ओमान डॉलर 01 विदेशी करेंसी चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुई है।



# छोटी काशी में श्री राज माधव राय के संग खेली होली

## जिले भर में खूब उड़ा गुलाल, मंडीवासियों ने प्रभु पर बरसाए रंग



श्री राज माधव राय की पालकी पर रंग बरसाते लोग।



रविवार को सेरी मंच पर होली खेलते युवा। इस दौरान युवाओं ने खूब मस्ती की।

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी मंडी में होली के रंग श्री राज माधव राय के संग खेले जाते हैं। रविवार सुबह से ही सेरी मंच पर हजारों की संख्या में युवक-युवतियों ने डीजे की धुनों पर होली खेल कर खूब मस्ती की। तत्पश्चात दोपहर बाद श्री माधव राय पालकी में राज मंदिर से निकल कर शहरवासियों के साथ होली खेलने निकले। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के नारों से सारा शहर गूंज उठा। गौर हो कि मंडी वासी अपने घरों के ऊपर से माधव राय के ऊपर रंग बरसाते हैं।

सदियों से यह प्रथा अनवरत चली आ रही है। माधव राय चौहटा से होते हुए समखेतर पहुंचे, वहां की गलियों से होते हुए पलाख्या मोहल्ला, बाबा बालकरूपी और फिर चिंतपूर्णी माता मंदिर से होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे, जहां महंत देवानंद सरस्वती ने उनका स्वागत सत्कार परंपरा निर्वहन के लिए प्रभु के विग्रह को होली के रंग लगाए। इसके पश्चात पुन: चौहटा बाजार में लोगों ने प्रभु के साथ होली के रंग बरसाए।

शोभायात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए। उन्होंने राज मंदिर पहुंच कर विश्व की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विष्णु मठ के महंत कृष्णानंद सरस्वती ने कहा कि त्योहारों को मनाने से परंपराओं की रक्षा होती है, लेकिन वर्तमान में मर्यादा के विपरीत होली खेलने का प्रचलन बढ़ गया है। लोग सिर पर अंडा फोड कर होली खेलते हैं, तो अधिकतर लोग नशे का सेवन कर होली खेलते हैं। कहीं कहीं तो अपनो से बड़ों के मुंह पर रंग फेंका और लगाया जाता है, जो शास्त्र विरुद्ध है। वरिष्ठजनों के चरणों में रंग लगाने का विधान है। चरणों के रंग को कनिष्ठजन अपने मस्तक पर लगाए तो कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन मर्यादा का लोप हो रहा है, इसलिए घोर कलिकाल से पहले ही मोक्ष के लिए प्रस्थान कर लेना ही श्रेयकर है। (अनंत ज्ञान)



रंगों के पर्व होली पर श्री राज माधव राय के साथ होली खेलते हुए लोग।

### सेरी मंच के प्रांगण पर लगे रंगों के ढेर

युवाओं ने सेरी मंच पर होली के रंगों सहित खूब अठखेलियां की। होली के बाद जब सफाई कर्मियों ने सेरी मंच के प्रांगण में साफ सफाई की तो सात-सात इंच के रंग के ढेर लगे हुए थे। इसके साथ ही हजारों प्लास्टिक के लिफाफे, फटे हुए कपड़े और कचरा साफ किया गया।



सेरी मंच के प्रांगण में पड़ा कचरा और रंग साफ करते सफाई कर्मी।

### खूब खेली होली

जिले के उपमंडल सुंदरनगर, सरकाघाट, पधर, जोगिंद्रनगर आदि में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। वहीं इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में होली रंगमंच का आयोजन किया गया। छात्रों ने धूमधाम से होली मनाई, महोत्सव के दौरान विश्वविद्यालय परिसर रंगमय हो उठा।

# रामलीला मैदान में डीजे की धुनों पर थिरके लोग

## रुद्राक्ष वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

रंगों का त्योहार होली रविवार को शहर के रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। रुद्राक्ष वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस सफल आयोजन में सैकड़ों युवक-युवतियों ने डीजे की धुनों पर नाच गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा लकी ड्रॉ भी निकाले गए। मौसम खराब होने की वजह से जहां सुबह दर्शकों की संख्या कम रही, वहीं मौसम साफ होते ही पूरा मैदान लोगों से भर गया। सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक लोगों ने होली का आनंद लिया। एडवोकेट जीवन ठाकुर ने भी आमजन मानस के साथ होली महोत्सव का आनंद लिया।

जोगिंद्रनगर में पहली बार शाम को सामूहिक होलिका दहन भी किया गया। इस उपलक्ष्य पर प्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. लेखराज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रुद्राक्ष वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, को-ऑर्डिनेटर जोगिंद्र शर्मा (रवि), सोसायटी की सदस्य विभा शर्मा, मातुल बहल, सुनीत ठाकुर व सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम में माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल, एसेंट स्कूल, अंशदीप होटल, किशोरी लाल ज्वैलर्स, वी3 इलेक्ट्रॉनिक्स, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसके ट्रेड्स, केआर सन्स की मदद से ही इस कार्यक्रम को कर पाए इन सब का हम तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया की शाम को सामूहिक होलिका दहन भी किया। उन्होंने रुद्राक्ष वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्यों व जोगिंद्रनगर प्रशासन, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)



एडवोकेट जीवन ठाकुर लकी ड्रॉ निकाल कर लोगों को इनाम देते हुए।

### लडभड़ोल में धूमधाम से मनाया रंगों का पर्व

**लडभड़ोल।** होली का पर्व रविवार को लडभड़ोल में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र में जगह-जगह महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, युवाओं की टोलियां होली खेलती हुई नजर आई। लोग रंग बिरंगे रंगों में देखे गए, इस पर्व को लेकर लोगों में बहुत उत्साह जैसा माहौल देखा गया। बच्चों व युवाओं ने अपनों से बड़े बुजुर्गों को रंग लगाकर और उनके पांव छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र के कई लोगों ने कहा कि रंगों का पर्व होली खुशियों का त्योहार है। होली पर्व सभी धर्म के लोगों को आपस में मिल जुलकर रहने का संदेश भी देता है। लडभड़ोल क्षेत्र में दूसरे राज्यों से मेहनत मजदूरी करने आए सैकड़ों युवाओं ने भी इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाया। इसमें दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर पर्व को रंगों के साथ खुशी से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाकर खूब आनंद लिया व कहीं युवाओं ने अपनी टोलियां बनाकर डीजे की धुनों पर खूब आनंद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण अंचलों में मनाई ताजी है फाग

**मंडी।** ग्रामीण अंचलों में फाग के रूप में मनाए जाने वाले इस त्योहार में प्रकृति और मानवीय समृद्धि की भावना जुड़ी हुई है, क्योंकि पेड़ पौधों पर नई कोंपलें फूटने, वन फूलों के महकने से प्रकृति समृद्ध होकर मानवीय जीवन का संरक्षण करती है, वहीं पर प्रकृति के रंगों से होली खेल मानव अपनी खुशहाली का जश्न मनाता है। इस दिन कांभल नामक वृक्ष की टहनी को फाग के रूप में जलाने की परंपरा है। इसके पीछे मान्यता यह है कि जिस तरह से होली का दहन हुआ है। उसी प्रकार रोग और दरिद्रता का भी फाग की इस आग में जल कर भस्म हो जाए, जिससे घर गांव में खुशहाली और समृद्धि आएगी।

### वुशू में सानिया ने जीता सिल्वर मेडल



मेडल के साथ विजेता छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में राज्य स्तर की महिला खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर ने बहुत दमदार और अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें 19 मार्च को संस्थान की छात्राओं ने राज्य स्तरीय महिला खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन पर मार्चपास्ट में प्रथम स्थान और उसके उपरांत वुशू में सानिया ने सिल्वर मेडल व बीना देवी, नेहा, सुषमा ने ब्रांज मेडल हासिल किया। इसके बाद धावक प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में अंकिता लॉन्ग जंप में रितिका एवं हाई जंप में नेहा ने गोल्ड मेडल व रितिका ने 200 मीटर की रेस में ब्रांज मेडल हासिल किया। रात्रि समय में की गई सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकल गीत व नाटक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी व छात्राओं के साथ गई अनुदेशिका सुनीता व मधुवर्षा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करके उनका मनोबल बढ़ाया और उनको उनकी जीत की बधाई दी।



लडभड़ोल में होली खेलते हुए लोग।

# क्रॉस कंट्री रेस में गौरव रहे प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान रविवार को क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ एसडीएम गिरीश ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्या सुंदरनगर से हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने रेस के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। गौरतलब है कि इस रेस में विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें अंडर-15 लड़कों की रेस में गौरव ने प्रथम, अभिषेक ने दूसरा और सौरभ ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-15 लड़कियों की रेस में अक्षिता ने प्रथम, नेहा ने दूसरा और उर्वशी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

40 वर्ष की अधिक आयु के धावकों में सुखराम ने प्रथम, अमर सिंह ने दूसरा और ओम प्रकाश ने तीसरा स्थान हासिल किया। 60 वर्ष से अधिक आयु में दीनानाथ ने प्रथम और परमाराम ने दूसरा स्थान हासिल किया, वहीं महिला ओपन में ज्योति बाला ने प्रथम, मानसी ने दूसरा और कविता ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि पुरुष ओपन में प्रथम अनीश, दूसरा राजेंद्र कुमार और तीसरा स्थान रमेश ने हासिल किया। इसके अलावा चौथा, पांचवां और छठा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें पंकज, आदित्य मुकेश, प्राची, अनुष्का, किरणा, रूप सिंह, संतराम, तनिष्का, ललिता, अपर्णा, नागेंद्र, शशि और केतन सिंह शामिल रहे।



### खो-खो में सुंदरनगर की टीम विजेता

**सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में दो दिवसीय खो-खो खेल प्रतियोगिता गर्ल्स स्कूल सुंदरनगर के खेल मैदान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रविवार को पहला मुकाबला हमीरपुर और तमड़ोह के बीच हुआ जिसमें हमीरपुर की टीम विजयी रही। इसके पश्चात इस प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल आईटीआई सुंदरनगर और सुंदरनगर के बीच में हुआ जिसमें सुंदरनगर की टीम ने विजय प्राप्त की। दूसरा सेमीफाइनल हमीरपुर और कनैड के बीच में खेला गया जिसमें हमीरपुर की टीम ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैच सुंदरनगर और हमीरपुर की टीम में बीच खेला गया जिसमें सुंदरनगर की टीम विजेता रही।

# सुंदरनगर ने बिलासपुर की टीम को हराकर जीता हैंडबाल का मैच

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले में दो दिवसीय हैंडबाल प्रतियोगिता का समापन 24 मार्च को एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में हुआ। हैंडबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेम चंद ठाकुर, अतिरिक्त जिला न्यायवादी रहे। सुंदरनगर की टीम ने फाइनल मैच में बिलासपुर की टीम को 22-18 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने सुंदरनगर की टीम को ट्रॉफी सहित 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार तथा बिलासपुर की टीम को 11 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



विजेता टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

### मंडी ने खेलो इंडिया कबड्डी सेंटर सिरडा को हराया



**सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला में महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्रा) सुंदरनगर के खेल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएसपी भारत भूषण ने किया। इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया जिसमें पहला मैच मंडी और एमपीएस चांबी के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में मंडी टीम विजयी रही। फाइनल मैच खेलो इंडिया कबड्डी सेंटर सिरडा और मंडी की टीम के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में मंडी की टीम 24 अंकों से विजयी रही और प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर खेलो इंडिया कबड्डी सेंटर सिरडा जबकि तीसरे स्थान पर एमपीएस चांबी सुंदरनगर की टीम रही। मंडी की टीम को 3100 रुपए, खेलो इंडिया कबड्डी सेंटर सिरडा की टीम को 2100 और एमपीएस चांबी की टीम को 1100 रुपए धनराशि पुरस्कार के तौर पर प्रदान की गई।

# विजय को चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब

## सुंदरनगर नलवाड़ मेले में पहली बार आयोजित हुई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में रविवार को पहली बार मिस्टर हिमाचल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रोहड़ू, चांशल, किन्नौर, पांवटा साहिब, नालागढ़, मंडी, कुल्लू और सुंदरनगर के करीब 35 प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया।

पहली बार आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में आर्यन फिस्ट जिम सिनेमा चौक सुंदरनगर के बॉडी बिल्डर विजय कुमार ने चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। उन्हें खिताब के साथ 21000 रुपए की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया। इसी वर्ग में रोहड़ू चांशल के वंशज दूसरे और मंडी के अमित तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें क्रमश: 11000 रुपए और 5000 रुपए की पुरस्कार राशि सहित प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। इसी के साथ नालागढ़ के मनोज कुमार ने मैन्स फिजिक में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ फिजिक वर्ग में बद्दी के मनोज कुमार को चैंपियन ऑफ चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अन्य अतिरिक्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और नकद राशि प्रदान की गई। इसके साथ न्यूट्रिशन वैली सुंदरनगर स्पलिमेंट स्टोर की ओर से विजेताओं को जिम बैग, शेकर और सप्लीमेंट बोतल भेंट की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों में मिस्टर हिमाचल 2019, मिस्टर चंडीगढ़ और स्पोर्ट्स ऑथोरिटी इंडिया में कार्यरत पालमपुर के अनुभव गौतम, दो बार के मिस्टर हिमाचल रहे व आयरन फिस्ट जिम सुंदरनगर के चेयरमैन निशांत शर्मा, नेरचौक के करण सैनी और मिस्टर कलकत्ता रहे चैलचौक के रविंद्र सिंह शामिल रहे।



बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के विजेता सामूहिक चित्र में।

# मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस तय नहीं कर पाईं उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

देशभर में लोकसभा चुनाव का डंका बजते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अभी तक मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अपने उम्मीदवार तय नहीं किए हैं, इसी बीच लोगों में खासी चर्चा का बाजार गर्म है। मंडी संसदीय क्षेत्र में दोनों ही पार्टियों की साख दांव पर लगी हुई है। वर्तमान में मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सांसद हैं, तो जिला से पहली बार कोई मुख्यमंत्री बना है, जिसका ताज भाजपा नेता जयराम ठाकुर के सिर सजा था। देश का दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र होने के साथ मंडी

### लोगों में कई नेताओं के नाम पर चर्चा

लोकसभा क्षेत्र विविध क्रियाकलापों से भरा पड़ा है, जहां सधा हुआ उम्मीदवार ही नैया पार लगा सकता है। कांग्रेस से प्रतिभा सिंह ने चुनाव न लड़ने के संकेत दिए हैं और अब तक कांग्रेस से तीन लोगों तेज लाल, सेवानिवृत्त डीएसपी ज्ञान चंद ठाकुर व चमन राही ने अपनी उम्मीदवारी जता दी है, तो भाजपा में एक से अधिक टिकट के चाहवान लग रहे हैं। हालांकि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी अनुशासन को ही सर्वोपरि मानते हैं और किसी तरह की बयानबाजी से बचते हैं, लेकिन आम लोगों में भाजपा से अजय राणा, बिहारी लाल तथा कंगणा और राजीव कुमार के नाम पर चर्चा की जा रही है। इनमें से राजीव कुमार का नाम इसलिए खासा चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि प्रदेश के पांच जिलों में श्रीराम मंदिर शुभारंभ अवसर पर इनके नाम के सैकड़ों पोस्टर लगे हुए हैं। अभी यह मामला शांत ही नहीं हुआ था कि नौबाही कॉरिडोर को लेकर राजीव कुमार ने प्रोजेक्ट तैयार करने का बीड़ा उठा लिया। इस प्रोजेक्ट को तैयार कर वह उधर लोग भी कांग्रेस और भाजपा से चुनाव में नया चेहरा देखना चाहते हैं।

**नलवाड़ मेला** — विकास खंड निहरी के जिज्ञासा सेल्फ हेल्थ ग्रुप ने मेले में लगाया स्टॉल

# बुरांस की चटनी के साथ लें सिड्डू के चटकारे

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में उपमंडल के दुर्गम विकास खंड निहरी के जिज्ञासा सेल्फ हेल्थ ग्रुप घड़ोई की महिलाएं लोगों के लिए कुल्लवी व्यजंन सिड्डू लेकर आई हैं। इस स्टॉल की खासियत यह है कि इसमें सेल्फ हेल्थ ग्रुप की संचालिका बेला ठाकुर और शीला ठाकुर द्वारा बुरांश की चटनी के साथ सिड्डू परोसे जा रहे हैं।

इसके साथ सेल्फ हेल्थ ग्रुप की महिलाओं द्वारा लोगों को नमकीन के साथ मीठे सिड्डू भी परोसे जा रहे हैं। गौरतलब है कि साधारण बुरांस प्रदेश का राजकीय फूल रह चुका है और अब इसकी जगह गुलाबी बुरांस को राज्य फूल का दर्जा प्राप्त है।

जहां बुरांस देखने में बहुत आकर्षित फूल होता है वहीं इस फूल में औषधीय गुणों का भंडार होता है। सिड्डू मुख्य रूप से कुल्लू जिला का व्यंजन है और आटे से तैयार किया जाता है। इसमें मास की दाल,गेहूं का आटा, ड्राई फ्रूट और पोस्त,भंगोलू के बीज आदि मिलाया जाता है और भाप से ही पकाया जाता है। सिड्डू को लोग देशी घी, आचार या चटनी के साथ खाते हैं। राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में सिड्डू को देसी घी के अलावा बुरांस की चटनी के साथ परोसने से लोगों को एक नया स्वाद चखने का मौका मिल रहा है। जिज्ञासा सेल्फ हेल्थ ग्रुप घड़ोई की सदस्य बेला ठाकुर ने कहा कि नलवाड़ मेले में लगाए सिड्डू के स्टाल में आर्गेनिक चीजों का ही उपयोग किया गया है। इसमें गेहूं को भुनने के बाद उसे दरदरा पीसकर सिड्डू में डालने के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसमें अपने खेतों में उगाए लहुसन की कलियां, धनिया, अखरोट,अलसी और भंगोलू के बीज को डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोग स्टाल पर नमकीन के साथ-साथ मीठे सिड्डू का स्वाद भी चख सकते हैं। इस बनाने में ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। (अनंत ज्ञान)



### स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं बनें स्वाबलंबी

बेला ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार कमाने के लिए अधिक अवसर प्राप्त नहीं होते हैं। गांवों की महिलाओं को क्षेत्र से बाहर निकल कर कार्य करने में झिझक होती है। महिलाएं अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह और उसकी गतिविधियों से जुड़कर अपने आप को स्वाबलंबी बना सकती हैं। सरकार द्वारा महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक मंच प्रदान किया जा रहा है। जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर रोजगार अर्जित कर सकती हैं।

### रवि ठाकुर ने थामा भाजपा का हाथ, रवि के साथ जुड़े पदाधिकारियों के कांग्रेस से इस्तीफा देने का सिलसिला जारी

# लाहौल-स्पीति में रवि व रामलाल को एक साथ लाना पार्टी के लिए चुनौती

**कमलेश वर्मा, केलांग**

प्रदेश की राजनीति में पिछले कुछ दिनों से मची उथल पुथल के बाद अब रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद शीतमरुस्थल लाहौल-स्पीति की राजनीति में भी गर्माहट आ गई है।

गौर रहे कांग्रेस के छह बागी विधायकों जिनकी सदस्यता रद्द हुई है उनमें लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर भी शामिल हैं और गत दिन उन्होंने दिल्ली में भाजपा का पटका पहनकर भाजपा का हाथ थाम लिया है।

पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की है। रवि के भाजपा में शामिल होने से अब लाहौल-स्पीति की राजनीति में एकाएक उफान आ गया है। उनके भाजपा में शामिल होने के बाद अब जहां भाजपा-कांग्रेस के पार्टी कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

वहीं, लाहौल-स्पीति से भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व में मंत्री रहे डॉ रामलाल मार्कंडेय और अब पार्टी में शामिल हुए रवि ठाकुर में से पार्टी किसे अधिमान देती है अब यह बड़ा सवाल है। लिहाजा, रवि और रामलाल को एक साथ लाना भाजपा के लिए लाहौल-स्पीति में एक चुनौती से कम नहीं है।

रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद अब उनके साथ लाहौल-स्पीति से जुड़े कांग्रेस के पदाधिकारियों के इस्तीफे देने का दौर भी शुरू हो गया है।

उधर, यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद अब पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय भी भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं। लिहाजा, लाहौल-स्पीति की राजनीति में अब रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद काफी कुछ बदलाव होता दिख रहा है। (अनंत ज्ञान)



> समय और हाईकमान की ओर से क्या आदेश होते हैं उसका इंतजार है। उसके बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।
> -डॉ. रामलाल मार्कंडेय, पूर्व मंत्री।



> मेरे माता पिता और मेरे परिवार ने पिछले 40 सालों से कांग्रेस के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया है और बदले में कांग्रेस सरकार में प्रताड़ना झेलनी पड़ी है। असवैधानिक तरीके से मुझे विधानसभा से निलंबित किया गया। जब-जब जनता के हक के लिए आवाज उठाई, हमेशा ही दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन मैं हार नहीं मानूंगा। लाहौल-स्पीति का दौरा करूंगा। भाजपा के नेतृत्व में हिमाचल का विकास करने के लिए सदैव खड़ा रहूंगा।
> -रवि ठाकुर, पूर्व विधायक लाहौल-स्पीति

### कुछ निर्णय पर जता रहे खुशी, कुछ नहीं

उधर, जहां कांग्रेस के पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता सहित कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोग उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल कर रहे हैं, वहीं भाजपा के कार्यकर्ता रवि को जय श्रीराम कहकर उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर खुशी जता रहे हैं। लाहौल-स्पीति जिला के कुछ लोग जहां रवि के इस निर्णय पर खुश है तो कुछ लोग इस निर्णय को गलत बता रहे हैं।

# एचआरटीसी बस पर गिरा बर्फ का मलबा, तीन शीशे टूटे



बस पर गिरी बर्फ का दृश्य, जिसमें सवारियां भी मौजूद थीं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग मनाली रूट पर पर बस के ऊपर बर्फ का मलबा गिरने से बस के तीन शीशे टूट गए। हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है। दरअसल, रविवार को केलांग मनाली के बीच दोपहर डेढ़ बजे चलने वाली बस के ऊपर तेलिंग नाला में अचानक बर्फ का मलबा गिर गया। जिस कारण परिचालक साइड बस के तीन शीशे टूट गए। हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### रवि ठाकुर ने जनता से किया धोखा : दीपक

**केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने पर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कड़ी निंदा की है। युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कहा कि लाहौल-स्पीति की जनता ने उन्हें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनकर विधानसभा भेजा और कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया था, ताकि वह विधायक के रूप में जनता की समस्याओं को समझें और उनका समाधान करवाएं, लेकिन रवि ने पहले जहां विधायकी गवाई वहीं, अब भाजपा में शामिल होकर उन्होंने लाहौल-स्पीति की जनता व कांग्रेस पार्टी के हर एक कार्यकर्ता के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे वक्त में एकजुट है और आने वाले समय में मजबूती से चुनाव में उतरेगी।

### सुजानपुर हेल्पिंग हैंड्स टीम सम्मानित



**सुजानपुर।** सुजानपुर हेल्पिंग हैंड्स टीम को रक्तदान के क्षेत्र में और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने पर निस्वार्थ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। हेल्पिंग हैंड्स के संचालक गोल्डी राजपूत ने बताया कि यह सम्मान हेल्पिंग हैंड्स परिवार के साथ जुड़े हर एक सदस्य को समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए आगे आते हैं।

### बच्चों ने जल संरक्षण पर दिया भाषण



**सुजानपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला कनेरड में हिमकोस्टे व प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के सौजन्य से जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में स्थानीय पाठशाला के बच्चों ने जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन विषयों पर भाषण दिए तथा जागरूकता रैली निकली। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया किया गया।

### नौंहगी में श्रीमद् भागवत पुराण कथा संपन्न



**नादौन।** प्राचीन शिव मंदिर नौंहगी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा का समापन हो गया है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कथा वाचक पंडित अंकुश शर्मा ने श्री कृष्ण बाल लीलाओं वह श्री कृष्णा तथा सुदामा की दोस्ती का वर्णन किया गया।

### कबीर पंथ समाज सुधार सभा की बैठक आयोजित



**हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा की जिला इकाई की मासिक बैठक जिला प्रधान ई. सतीश कौशल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हर साल की तरह इस साल भी भारत र भीम राव अंबेडकर की जयंती कबीर भवन सलासी में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके साथ ही आने वाली 2 जून, 2024 को कबीर प्रकटो दिवस भी मनाने बारे निर्णय लिया गया।

### सुजानपुर में प्रशासन ने खेली रंगों की होली



**सुजानपुर।** सुजानपुर में प्रशासन ने रविवार को रंगों की होली खेली। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा मुरली मनोहर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। एसडीएम रोहित शर्मा ने बताया कि सुजानपुर का ऐतिहासिक होली मेला महाराजा संसार चंद के समय से मनाया जाता है। उन्होंने स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि लोग इस मेले का आनंद लें। उन्होंने बताया कि इस होली मेले में दूर-दूर से लोग आते हैं।

### ढोल-नगाड़ों के साथ कुल्लू में धूमधाम से मनाया होली पर्व, डीसी रेजिडेंस में अधिकारियों ने मनाई होली

# होली के रंग में रंगी रघुनाथ नगरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भगवान रघुनाथ जी की नगरी कुल्लू में जहां शनिवार से होली उत्सव शुरू हो गया है, वहीं रविवार को भी पूरा शहर होली के रंगों में रंगा रहा और बड़ी होली के मौके पर शहरवासियों सहित दूरदराज गांव के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर गुलाल लगाया।

बैरागी समुदाय के लोगों ने भी डफली की धुन पर अलग-अलग टोलियों में होली की रीति को निभाया। संगीत और ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों के साथ होली मनाई गई। देश व प्रदेश में जहां होली उत्सव सोमवार मार्च को मनाया जाएगा, वहीं कुल्लू में हर साल परंपरानुसार दो दिन पहले से ही होली की धूम रही। जिसके चलते शनिवार को भी कुल्लू शहर के कुछ क्षेत्रों में होली की धूम रही लेकिन रविवार को विधिविधान के साथ बड़ी होली मनाई गई।

वहीं अधिकारियों व पत्रकारों ने जहां एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, वहीं होली पर्व के उपलक्ष्य पर सभी लोग डीजे की धुन पर भी खूब झूमें।



कुल्लू के रथ मैदान में होली के मौके पर डीजे की धुन पर झूमते युवा।

### रथ मैदान में उड़ा गुलाल

उधर, रथ मैदान में भी खूब गुलाल उड़ा और युवा डीजे की धुन पर खूब झूमें।

### वंसत पंचमी के दिन से ही मनाई जाती है होली

गौर रहे कि रघुनाथ की नगरी की होली सबसे अलग होती है। पूरे देश में जहां होली का उत्सव एक दिन मनाया जाता है। कुल्लू की होली 40 दिन पहले वंसत पंचमी के दिन से मनाई जाती है। देश में जहां होली का पर्व होलिका दहन के बाद मनाया जाता है। होली के पर्व को होलिका दहन से पहले मनाया जाता है। दूसरे दिन होलिका का दहन किया जाता है, जो रविवार रात को हुआ। 40 दिनों तक होली खेली जाती है जिसका रविवार को समापन हो गया।





होली मनाने के दौरान गणमान्य लोग व परिवार के साथ सेल्फी लेती एक महिला।



नन्हा बच्चा सर्वज्ञ स्वजन को गुलाल लगाते हुए।





स्थानिय लोग व गणमान्य एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाते हुए।

# बच्चों ने गणित पर बनाए मॉडल

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजमाता शांति देवी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड में गणित दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर गणित विषय पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

इस मौके पर गणित विषय के प्रभारी मदन शर्मा व मोहर सिंह ठाकुर ने बच्चों को गणित दिवस मनाया जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बाद में बच्चों ने गणित के संबंध विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता व गणित प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगजीवन पाल शर्मा ने विद्यालय के अध्यापकों व बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।



निरमंड पाठशाला में गणित दिवस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के साथ छात्र।

#### अध्यापकों ने बच्चों को बताया गणित का महत्व

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित थे । बच्चों ने इस कार्यक्रम में काफी रुचि दिखाई।

# धर्मशाला में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से बढ़ेगा कारोबार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए होने वाले विशेष प्रार्थना सभा और टीचिंग को लेकर पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जगी है।

तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा और 19 से 20 अप्रैल तक होने वाले टीचिंग को लेकर आने वाले दिनों में एक बार फिर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही पहाड़ पर पर्यटन कारोबार भी उड़ान भरेगा। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए तीन अप्रैल को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रार्थना सभा का आयोजन विभिन्न तिब्बती समूहों द्वारा किया जा रहा है। इस प्रार्थना सभा का लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा। इस वेबकास्ट को न केवल भारत बल्कि चीन, जर्मन, वियतनाम, मंगोलियन तथा ताईवान व रशियन भाषा में भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

# कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन के पिता का देहांत

**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती के पिता हंसराज शर्मा का रविवार शाम देहांत हो गया। अभी कुछ दिन पहले ही उनकी माता का भी लंबी बीमारी से निधन हो गया था।

सुमन भारती के पिता का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू, कुलदीप पठानिया, पुष्पेंद्र वर्मा, अजय शर्मा व अन्य कांग्रेस नेताओं ने सुमन भारती के पिता के देहांत पर संवेदना जताई व शोक व्यक्त किया है।

# पूर्व विधायक रवि के चाह्वान दे रहे अपने पद से इस्तीफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद अब जिला के कांग्रेस पदाधिकारियों का इस्तीफा देने का दौर शुरू हो गया है। पहले जहां जिला कांग्रेस के महासचिव संजय ने इस्तीफा दिया था वहीं, रविवार को युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों ने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत लेकी को इस्तीफा सौंप दिया है।

अजीत ने बताया कि युवा कांग्रेस केलांग ब्लॉक के अध्यक्ष रोहन और उदयपुर ब्लॉक के अध्यक्ष चिराग ने उन्हें अपना इस्तीफ़ा दिया है। अजीत ने बताया कि रवि ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके चहेतों ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों युवा नेताओं के त्यागपत्र से ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है और न ही युवा शक्ति कमजोर होगी।

वहीं, भाजपा के स्पीति से संबंध रखने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता चंपा छेरिंग ने उनके भाजपा में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए उनके इस निर्णय को सराहा है।

# आनी के बटाला में ठाकुर मुरलीधर संग खूब उड़ा गुलाल

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू के आनी क्षेत्र के बटाला गांव में रविवार को होली का पर्व फाग उत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने ठाकुर मुरलीधर संग खूब गुलाल उड़ाकर ब्रज सी होली खेली।

गांव के ब्राह्मण पुरोहितों ने रविवार को अपने ईष्ट देवता कृष्ण स्वरूप मुरलीधर की विधिवत पूजा आरती की और उन्हें भोग लगाने के बाद देव वाद्य यंत्रों की थाप पर उन्हें होली के रंग लगाए और ग्रामीणों ने भी कृष्ण भक्ति की मस्ती में झूमकर एक-दूसरे को रंग लगाया।



आनी के बटाला में एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए लोग।

ग्रामीणों ने अंत में सामूहिक नाटी डालकर प्राचीन संस्कृति का निर्वहन किया। गौर हो कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भले ही होली का उत्सव विविध प्रकार और अलग-अलग रस्मों से मनाया जाता हो, परंतु सबका उद्देश्य एवं भावना एक ही है कि भक्ति सच्चाई के प्रति आस्था और मनोरंजन। बात करते हैं जिला कुल्लू के बाह्य सिराज क्षेत्र आनी में लोग आज भी कई प्राचीन संस्कृति व परंपराओं को संजोए हुए है। आनी के गांव बटाला में मनाए जाने बाले फाग मेले की परम्परा भी बहुत प्राचीन है। यहां के आराध्य देव ठाकुर मुरलीधर के सानिध्य में मनाए जाने वाले फाग मेले का यहां के ग्रामीणों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

बटाला गांव में स्थित ठाकुर मुरलीधर के मंदिर में फाल्गुन मास को मनाया जाता है। इस वर्ष यह उत्सव रविवार को मनाया जा रहा है। जिसमें दिन को ग्रामीणों कृष्ण जी संग होली खेली गई।

**राजनीति** | बदले राजनीतिक हालात, चाहवानों ने शुरू किया जन संपर्क अभियान

# कांग्रेस टिकट की चाहत रखने वाले जमीनी हकीकत जानने उतरे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

बदले हुए राजनीतिक हालात के बीच बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में कांग्रेस टिकट की चाहत रखने वाले जमीनी हकीकत की परख पर उतर गए हैं। कांग्रेस उम्मीदवारी के लिए बड़सर और सुजानपुर में मैदान खाली हुआ है इसलिए ताजा हालात पर वे जनता की टोह भी ले रहे हैं। अपनी संभावनाएं खोज कर माहौल की परख करने लगे हैं।

सुजानपुर इलाके में कई नेता कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की कसरत कर रहे हैं। ऊहल से पूर्व विधायक कर्म सिंह ठाकुर के सुपुत्र जितेंद्र कुमार भी चुनावी दंगल में कूदने की इच्छा जाता रहे हैं।

कहीं और नेता भी पहन के पीछे दौड़ भाग कर रहे हैं भाजपा से ताल्लुक रखने वाले एक नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर पहुंच कर आशीर्वाद लिया और फिर इलाके में लोगों से मिलने और उनकी राय जानने के लिए चले गए।

सुजानपुर में टिकट के चाहबानों की कमी नहीं है। फिलहाल भाजपा के भीतर यहां अजीबोगरीब माहौल है।

बड़सर इलाके में 28 मार्च को भाजपा में शामिल हुए इंद्र दत्त लखनपाल का स्वागत समारोह रखा जा रहा है। यह किस स्तर पर होगा इसका पता एकाध दिन में चल जाएगा। भाजपा का इस समारोह में किस तरह का प्रभाव रहेगा। क्या नेता दूरी बनाएंगे या फिर पहुंचेंगे? इसकी चर्चा भी शुरू हो गई है।

बड़सर से लखनपाल कांग्रेस टिकट पर 3 मर्तबा चुनाव जीते हैं। लेकिन अब नए माहौल में प्रवेश कर रहे हैं।

हमीरपुर में कांग्रेस के पिछले चुनाव में रहे प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा तो पहले से ही फील्ड संभाले हुए हैं। अलावा अब रोहित शर्मा भी सक्रिय दिख रहे हैं। कांग्रेस की उम्मीदवारी पर इस बार कौन सा वार होता है इसकी चर्चा भी शुरू हो गई है पार्टी क्या उम्मीदवार बदलेगी या फिर डॉक्टर वर्मा पर ही विश्वास करेगी। फिलहाल बैठकों का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी लंबे समय के बाद हमीरपुर पहुंचे हैं। उनके घर पर भी मिलने वालों का आना-जाना शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा का डैमेज कंट्रोल अभियान शुरू

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत पड़ने वाले गगरेट में भी तीन बार के विधायक राकेश कालिया द्वारा भाजपा छोड़े जाने से पैदा हुई स्थिति पर डैमेज कंट्रोल के लिए पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और अन्य नेता रविवार को गगरेट पहुंचे हुए थे। बड़सर में भी अभी तक स्थिति विचित्र दिख रही है। भाजपा खेमे में बेचैनी नजर आ रही है। कुछ नेता निर्दलीय चुनाव लड़ने की बातें भी करने लगे हैं।

# शहीदी दिवस पर निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के हरिपुर स्थित डिग्री कॉलेज की एसएफआई इकाई आनी द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के 93वां शहीदी दिवस का आनी में आयोजन किया गया। एसएफआई इकाई आनी कमेटी द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।

एसएफआई इकाई आनी के कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए एसएफआई इकाई आनी की सचिव पूजा विराट ने कहा कि शहीद भगत सिंह की लड़ाई राजनीतिक सत्ता बदलने के लिए ही नहीं थी, बल्कि आर्थिक और सामाजिक मुक्ति के लिए भी थी। भगत सिंह मजदूर वर्ग के हित के महान समर्थक थे।

एसएफआई ने शहीदों के सपनों की शिक्षा व्यवस्था के लिए अनेकों आंदोलन लड़े हैं और हमेशा छात्रों को शहीदों के विचारों से अवगत करवाने की कोशिश की है और छात्रों और युवाओं को शिक्षित करने का काम किया है।



शहीदी दिवस के अवसर पर एसएफआई आनी यूनिट द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च।

#### शहीदों के विचारों से छात्रों को करवाया अवगत

इस कैंडल मार्च में एसएफआई इकाई आनी के उप अध्यक्ष कॉमरेड मंजीत ठाकुर, सह सचिव कामरेड रवि ठाकुर, अर्चना ग्रैक, रवीना, इत्यादि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-16 का ट्रायल इंदिरा स्टेडियम में शुरू



**ऊना।** जिला की अंडर 16 क्रिकेट टीम के लिए चयन में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सिलेक्शन कमेटी में राहुल शर्मा और अशोक ठाकुर को शामिल किया गया था। ट्रायल के बाद कैंप के लिए खिलाड़ियों की सिलेक्शन की जाएगी। कैंप में जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बताया कि ऊना की टीम अपने मैच एबीवी स्टेडियम नादौन में खेलेगी, टूर्नामेंट का आरंभ 7 अप्रैल से होगा, टूर्नामेंट चार स्थानों पर खेला जाएगा ऊना के इंदिरा ग्राउंड में, पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में, एबीवी स्टेडियम नादौन हिमाचल प्रदेश, बिलासपुर के लूहनु मैदान पर खेले जाएंगे।

### मेले में लोगों को हो रही असुविधा : सरदारी लाल



**गोंदपुर बनेहड़ा।** जहां हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के अंब उपमंडल में स्तिथ डेरा बाबा बड़भाग सिंह जी के दरबार में हर साल लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाने आते है, इसी के साथ माथा टेकने आए लोगों को किसी प्रकार कठिनाई न हो ये जिला ऊना प्रशासन की जिम्मेदारी बन जाती है, मेले में बाबा जी को माथा टेकने आए लोगो ने मैडी मेले में नाराजगी व्यक्त हुए कहा कि मेले में बाइक, गाड़ी , टैंपू के पार्किंग की फीस बाकी जगहों से काफी ज्यादा है, पंजाब एंटी करप्शन आर्गेनाइजेशन के उप-प्रधान सरदारी लाल ने मैड़ी मेले में शिरकत की तो उन्होंने बताया कि मेले में आए हुए लोगो से पार्किंग, दुकानों के ज्यादा पैसे लिए जा रहे है, जिस कारण से आए हुए लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन ऊना को इस विषय मे ध्यान देने के लिए कहा।

### भाजपा मंडल गगरेट ने आयोजित किया वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह

# राजेश ने करवाया अपनी ताकत का एहसास

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

भाजपा मंडल गगरेट द्वारा आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह के बहाने पूर्व विधायक राजेश ठाकुर पार्टी हाईकमान को जहां अपनी ताकत का एहसास करवा गए तो वहीं कहीं न कहीं यह संदेश देने में भी कामयाब रहे कि उन्हें नजरअंदाज करना पार्टी के लिए बड़ी भूल साबित हो सकता है।

इस सम्मान समारोह में जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना के समक्ष राजेश ठाकुर के समर्थकों ने यह साफ एहसास करवाया कि वे हर स्थिति में राजेश ठाकुर के साथ खड़े हैं। जाहिर के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के भाजपा में आने के बाद जो परिस्थितियां गगरेट भाजपा में उत्पन्न हुई हैं उससे पार पाना चैतन्य शर्मा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं है। राजेश के समर्थन में युवा, महिलाओं व पार्टी के हर वर्ग ने नारे लगाए।

वहीं राजेश ने द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी पर राजनीतिक प्रतिशोध से पांच मुकद्दमें दर्ज करवाने का हवाला दिया तो सोसायटी की प्रबंधन समिति को बर्खास्त करवाने का भी जिस तरह से मुद्दा रखा, उसके जरिए उन्होंने यह संकेत तो दे ही दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने वाले किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होंगे।



भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में उपस्थित कार्यकर्ता।

### धूमल और खन्ना के समक्ष कार्यकर्ताओं ने जाहिर की नाराजगी

**गगरेट** में आयोजित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में अगर पार्टी ने टिकट आवंटन में गलती की तो इसका पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गगरेट भाजपा में राजेश ठाकुर ही सर्वमान्य नेता हैं।

### स्थायी निवासी को ही दे गगरेट से टिकट

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र में जो कम से कम 25 वर्षों से रह रहा है। उसको ही कांग्रेस पार्टी या बीजेपी का टिकट दिया जाए, यह मांग कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और भाजपा से जुड़े हुए सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने कही है, कहना गलत नहीं है कि आया राम गया राम की राजनीति से आम जनमानस दुखी है।

आज दोनों दलों में काफी संख्या में नेता टिकट की दौड़ में लगे हुए हैं और कितने की बात है कुछ लोग तो बाहरी क्षेत्र से आकर यहां पर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं , जिससे आम जनमानस की भावनाओं को आघात पहुंच रहा है, आज दोनों दलों में काफी संख्या में नेता टिकट की दौड़ में लगे हुए हैं और कितनी अजीब बात है कुछ लोग तो बाहरी क्षेत्र से आकर यहां पर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं जिससे आम जनमानस की भावनाओं को आघात पहुंच रहा है।

# बंगाणा महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव की रही धूम



वार्षिक समारोह में उपस्थित मुख्यातिथि और अन्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में वार्षिक उत्सव की धूम रही। इस अवसर पर कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ ने शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमन शर्मा, सेवानिवृत्त प्राचार्य, और विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय धनेटा के प्राचार्य जीसी राणा की उपस्थिति ने और भी चार चांद लगा दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने वर्ष भर में हुए महाविद्यालय के उपलब्धियां के संदर्भ में रिपोर्ट पड़ी।

इस अवसर पर गेस्ट ऑफ इंदू बाला, पीटीए प्रधान सूरम सिंह, उप प्राचार्य रेखा शर्मा, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रधान अभय सिंह सहित आदि मौजूद रहे ।

## सीवरेज कार्य के चलते 26 मार्च तक बंद रहेगा कन्याल मार्ग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के कन्याल मार्ग पर सीवरेज कार्य के चलते 23 मार्च से 26 मार्च तक रात को वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। रात 10 बजे से लेकर सुबह छह बजे तक इस मार्ग में कोई भी वाहन नहीं आ जा सकेगा। हालांकि आपात स्थिति में वाहन आ जा सकेंगे लेकिन अन्य सभी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

उपायुक्त तरुल एस रवीश ने नोटिफिकेशन निकालकर लोगों से सहयोग की बात कही है। पर्यटन नगरी मनाली की 385 करोड़ से बनने वाली सीवरेज योजना धरातल पर उतरने लगी है।

### कांग्रेस के कंधे पर सवार होकर विधानसभा पहुंचे थे चैतन्य

# अब भाजपा चैतन्य का नया ठिकाना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट की राजनीति में एंट्री कर राजनीतिक गलियारों में सुर्खियों में आए पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने बेशक विधानसभा पहुंचने का रास्ता कांग्रेस के कंधे पर सवार होकर पूरा किया लेकिन अब उनका नया ठिकाना भाजपा है।

कभी कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड दिल्ली के गलियारों में घूमने वाले चैतन्य शर्मा को जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो उनके स्वागत में स्वयं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल के साथ बाहें बिछाए खड़े थे, लेकिन क्या उतनी ही सहजता के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी उन्हें स्वीकार करेंगे, अब सबकी नजरें इस पर टिक गई हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्तासीन होने के बाद चैतन्य शर्मा काफी समय तक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के इर्द-गिर्द ही रहे लेकिन सुक्खू के कोर ग्रुप में एंट्री न पा सके।

वहीं गगरेट में भाजपा का समारोह यह भांपने के लिए काफी होगा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के मन में क्या है। उधर विधानसभा क्षेत्र गगरेट का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर का कहना है कि पार्टी हाईकमान के हर निर्णय का स्वागत है।

### गद्दारी बर्दाश्त नहीं होगी : सुरेंद्र

**ब्लाक** कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह कंवर का कहना है कि चैतन्य शर्मा ने कांग्रेस की पीठ में छुरा घोंपा है। जिस पार्टी ने उन्हें विधानसभा पहुंचने का मौका दिया उसके साथ गद्दारी गगरेट की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। विधानसभा उपचुनाव में उनकी लोकप्रियता का वहम टूट जाएगा।

# अंकुश को ह्यूमन राइट विंग ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

देश के प्रथम युवा व्यवसायी एवं दीवा कंपनी के फाउंडर अंकुश बरजाता को राज्य ह्यूमन राइट विंग के चेयरमैन एवं जिला भाजयुमो महासचिव अजय ठाकुर ने उन्हें घर जाकर इस बड़ी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

अजय ने कहा कि देश में छोटी आयु मात्र 23 वर्ष में उद्यमी रूप में प्रथम स्थान पर आना और शार्क टैंक इंडिया सोनी टीबी पर धमाल मचाकर अपनी कामयाबी के झंडे गाड़ना, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के युवा उद्यमी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर उनके सामने अपनी कामयाबी के चर्चे करना और हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के गांव बंगाणा का नाम पूरे देश में रोशन करना वास्तव इतिहास यह देश के साथ हिमाचल के लिए बड़ी सफलता है।

इस मौके पर दिनेश खत्री अक्षय कुमार, राज कुमार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



अंकुश को सम्मानित करते अजय।

# राकेश के कांग्रेस में शामिल होने की उम्मीद!

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के भाजपा का दामन थामते ही प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य व कांग्रेस टिकट से तीन बार विधायक रहे राकेश कालिया के भाजपा से त्याग-पत्र को लेकर गगरेट की राजनीतिक में भी दिलचस्प मोड़ आ गया है। उन्होंने कहा कि गगरेट व चिंतपूर्णी की जनता के साथ जिला ऊना के बुद्धिजीवी वर्ग से चर्चा करके वह अगला कदम उठाएंगे। राकेश कालिया की गगरेट व चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में अच्छी पैठ मानी जाती है। उनके इस कदम से इन विधानसभा क्षेत्रों की राजनीति पर क्या असर होगा अब सबकी निगाहें इस ओर रहेंगी।



राकेश शर्मा समर्थकों के साथ जानकारी देते हुए।

हालांकि चैतन्य शर्मा को लेकर राकेश कालिया शुरू से ही आक्रामक रहे हैं और कई कार्यक्रमों में उनपर ताबड़तोड़ हमले करते रहे हैं।

शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल को अपना त्याग-पत्र भेजते हुए उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भी उन्हें मान-सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने फिर से चैतन्य शर्मा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि गगरेट की जनता इनकी कार्यशैली को जानती है और किस प्रकार गगरेट की जनता को इन्होंने खून के आंसू रुलाए उसे भी जनता अभी भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वह अपनी अगली रणनीति तय करेंगे। राकेश कालिया के भाजपा से त्याग-पत्र देने पर उनके समर्थकों को भी उम्मीद जगी है कि वह शीघ्र ही कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

# कुटलैहड़ में करवाया चहुंमुखी विकास : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आवास थाना कला में कुटलैहड़ के एक कार्यक्रम में भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की और अपने 20 वर्ष के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के बीच रखा।

वहीं लोगों ने कार्यक्रम में बताया कि पहले कुटलैहड़ की क्या स्थिति थी। जब 1993 में कुटलैहड़ से पहली बार भाजपा प्रत्याशी स्व. रामदास मलांगड़ के लिए कुटलैहड़ में जनता से समर्थन मांगने जाते थे, तो किस प्रकार गांव की हालत थी। आज कुटलैहड़ किस स्थिति पर पहुंच गया है। यह सब पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर के अथक मेहनत के प्रयासों का फल है।

2007 में जब कुटलैहड़ की जनता ने मुझे दूसरी बार विधायक बनाया, तो राज्य में प्रो. प्रेम कुमार धूमल दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की समस्याओं को प्रो. धूमल के पास उठाना शुरू किया। हमारा प्रयास था कुटलैहड़ में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य पानी बिजली की मूलभूत सुविधाएं जनता को मिले।

कंवर ने कहा कि 70 प्रतिशत कार्य प्रो. धूमल सरकार में जनता को समर्पित किए और कुछ कार्य प्रगति पर चल रहे थे, कि राज्य में विस चुनाव हुए। हालांकि कुटलैहड़ की जनता ने मुझे लगातार तीसरी बार विधायक बना दिया, लेकिन राज्य में सरकार कांग्रेस की बन गई। वहीं 2017 में जब विस चुनाव हुए। तो मुझे कुटलैहड़ से जनता ने लगातार चौथी बार बनाकर विधान सभा भेजा और राज्य में भाजपा सरकार बनी। सरकार में मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गांव को सड़क शिक्षा के मूलभूत ढांचे के सुधार के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत करवाए।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मदन राणा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू, अजीत सिंह, महिंद्र कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर अपने समर्थकों के साथ बैठक में।

### जल शक्ति, विद्युत, ग्रामीण विकास आदि एक दर्जन कार्यालय बंद

कंवर ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने पूर्व भाजपा सरकार के समय थाना कला में जल शक्ति डिविजन, विद्युत, जायदा, ग्रामीण विकास एक्सिन आदि करीब एक दर्जन कार्यालय खुलवाए थे, लेकिन राज्य में सुक्खू सरकार ने बिना नोटिफिकेशन के कुटलैहड़ की जनता को सुविधा दे रहे सभी कार्यालयों को बंद करवा दिया।

**राजनीति** | कुटलैहड़ में गरमाया सियासी माहौल, कौन बनेगा प्रत्याशी?

# देवेंद्र या वीरेंद्र, भाजपा टिकट किसे?

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो का भाजपा का दामन थामते ही कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा की राजनीतिक में उठापटक की गर्माहट पैदा हो गई है। अब जनता में यह चर्चा है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र से देवेंद्र कुमार या फिर पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी होंगे।

अब कुटलैहड़ राजनीतिक माहौल गर्माने से भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी खलबली मच गई है। जैसे ही कुटलैहड़ के कांग्रेस विधायक देवेंद्र ने विधानसभा से निष्कासित होने के बाद भाजपा में शरण ली, तो इसके बाद राजनीति में भूचाल आ गया है। यदि भाजपा हाईकमान ने पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर को दरकिनार करने की कोशिश की तो यह भाजपा के लिए भारी पड़ सकता है और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी कुटलैहड़ के गांव-गांव में विधायक बनने के बाद जनसंपर्क अभियान में अपनी छाप छोड़ चुके हैं और अगर पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर को भाजपा टिकट देती है तो कुटलैहड़ भाजपा मंडल उनके साथ चलकर जीत को सुनिश्चित करेगा या अगर भाजपा देवेंद्र कुमार भुट्टो को टिकट देती है तो क्या कुटलैहड़ भाजपा मंडल देवेंद्र कुमार का समर्थन करेगा।

### कांग्रेस नेता भी जुड़े जन संपर्क अभियान से

यही हाल कुटलैहड़ में कांग्रेस का भी हैं। उपचुनाव की घोषणा होते ही कांग्रेस नेता जन संपर्क अभियान में जुड़ गए हैं।

### जातीय समीकरण से घोषित होगा कांग्रेस प्रत्याशी

**जातीय** समीकरण को ध्यान में रखकर भी कांग्रेस हाईकमान अपना प्रत्याशी घोषित करेगा। उसका मूल कारण यह है कि कुटलैहड़ में जातीय समीकरण में राजपूत कैडर सबसे ज्यादा है और दूसरा बीते विस चुनावो में भी देवेंद्र कुमार भुट्टो राजपूत कैडर होने के कारण भाजपा को परास्त करने में कामयाब रहे थे। तीसरा ऊना में अब केवल एक ही राजपूत कैडर विधायक है। चर्चा का विषय बहुत ही गंभीर है कि भाजपा की ओर से तो अभी भी दो ही प्रत्याशी मैदान में दिख रहे हैं वीरेंद्र या देवेंद्र और कुटलेहड कांग्रेस में विवेक, सहित अन्य भी प्रत्याशी की दौड़ में शामिल हैं।












## पाइन ग्रोव स्कूल के देवदार सदन के पास हर सवाल का जवाब



अंतर सदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता की विजेता टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल सुबाथू में अंतरसदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों क्रमशः चिनार, देवदार, ओक एवं टीक ने भाग लिया। इसमें प्रत्येक सदन से चार प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता कुल तीन वर्गों में विभाजित थी। प्रथम वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं, द्वितीय वर्ग में कक्षा नौवीं से दसवीं तथा तृतीय वर्ग में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रश्नों के विभिन्न राउंड्स जैसे करंट अफेयर्स, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट्स, ऑडियो-वीडियो एवं रेपिड फायर रखे गए थे। प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में अर्जित अंकों के योग के आधार पर देवदार सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर चिनार सदन रहा और ओक और टीक सदन को तीसरा स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2024 की सामान्य ज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता देवदार सदन ने अपने नाम की। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के हेड ऑफ स्कूल रेणु शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के हेडटीचर पंकज शर्मा, गतिविधि प्रभारी गुरप्रीत सिंह और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# एनएच पर अतिक्रमण किया तो खैर नहीं

## ट्रैफिक की समस्या को लेकर हाई कोर्ट ने एमसी, डीसी और एसपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के परवाणु-सोलन और चंबाघाट- कैथलीघाट फोरलेन के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमणकारियों पर अब शिकंजा कसने वाला है। एनएचएआई की याचिका पर प्रदेश हाई कोर्ट ने डीसी सोलन, एसपी और नगर निगम को अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। साथ ही 13 अप्रैल 2024 कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं।



सोलन के सपरून में हाईवे के किनारे अवैध तरीके से पार्क वाहन।

सोलन में नेशनल हाई-वे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती ही जा रही है। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है साथ ही राहगीरों को भी पैदल चलने में दिक्कतें आ रही हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। हाईवे में सोलन से चंबाघाट तक, सपरून से समलेच तक, सिटी पुलिस चौकी से लेकर जौणाजी रोड, परवाणु-सोलन फोरलेन में रबोन, सपरून, बाइपास, सब्जी मंडी से चंबाघाट तक रोड साइड पार्किंग से हमेशा वाहन दुर्घटना का खतरा रहता है। अतिक्रमण के चलते सपरून और मॉल रोड पर अक्सर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। वहीं, नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि शहर की मुख्य सड़कों पर रोड साइड पार्किंग से हुए अतिक्रमण से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए प्रशासन और पुलिस का सहयोग किया जाएगा। कोर्ट के आदेश की पालना की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### डिमार्केशन का मात्र आश्वासन

**ट्रैफिक** पुलिस ने पहले सोलन एमसी को भी पत्र लिखा था, लेकिन वहां से सिर्फ पुलिस को आश्वासन ही मिला है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों की मानें तो जब इस बारे में एक बैठक में चर्चा हुई तो सोलन एमसी ने लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर डिमार्केशन करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। इसके चलते शहर में कई जगह अतिक्रमण देखने को मिल रहा है।

## अधिकारियों को दी 'डाइस वेब' सॉफ्टवेयर की जानकारी

**सोलन** । आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय सोलन के सभागार में रविवार को डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फार इलेक्शन, डाइस वेब (डीआईएसई) सॉफ्टवेयर के संबंध में उपमंडल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में डीआईएसई सॉफ्टवेयर के बारे में अधिकारियों कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सोलन डॉ. पूनम बंसल की ओर से कार्यक्रम में समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अपने कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का डाटा डीआईएसई सॉफ्टवेयर में निर्धारित अवधि में सावधानी से व त्रुटिरहित दर्ज करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दीवान सिंह ठाकुर, निर्वाचन कानूनगो राखी पुंडीर व संतोष कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मतगणना केंद्र में सुरक्षा का लिया जायजा

**नाहन**। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने रविवार को नाहन कॉलेज में स्थापित स्ट्रांग रूमों के सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। सुमित खिमटा ने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत सिरमौर जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती राजकीय महाविद्यालय नाहन में चार जून को की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जून को मतदान के उपरांत सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को मतगणना के लिए यहां पर रखा जाएगा।

## विज्ञापन और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखेगी एमसीएमसी: खिमटा



**नाहन**। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गठित जिला मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखेगी। सभी राजनीतिक विज्ञापनों एवं पेड न्यूज का खर्चा एक्सपेंडिचर कमेटी के माध्यम से प्रत्याशियों के खातों में जोड़ा जाएगा।

## संस्कृत कॉलेज में मतदाताओं को बताया वोट का महत्व

**सोलन**। निर्वाचन विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वीप जागरूकता अभियान के तहत सोलन निर्वाचन क्षेत्र के नोडल अधिकारी राजेश ठाकुर व हेमेंद्र शर्मा नोडल अधिकारी स्वीप ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को मतदान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को मतदान के बारे में जानकारी दी। राजेश ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## नाहन में बिगड़ैल चालकों को चालान काट सिखाया सबक

**नाहन**। होली पर सड़क सुरक्षा को लेकर नाहन ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। ट्रैफिक इंचार्ज एएसआई विजय कुमार, हवलदार दिनेश कुमार, कांस्टेबल राजेश सहित ट्रैफिक टीम ने सड़क पर जगह-जगह नाके लगाए। इस दौरान वाहन चालकों को सीट बेल्ट, हेलमेट सहित वाहनों के दस्तावेजों को दुरुस्त करने व उनके उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार तथा रविवार को करीब दो दर्जन से अधिक चालान भी किए।















# राजस्थान रॉयल्स की जीत के हीरो बने सैमसन

## रियान पराग ने बनाए 43 रन, राहुल और पूरन के अर्द्धशतक बेकार





**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल के चौथे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 20 रन से हराया। यह मुकाबला जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान के कप्तान सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने 193 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन ही बना सकी।

राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 193 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने 82 रन की नाबाद पारी खेली थी। वहीं जायवाल (24), बटलर (11), पराग ने (43) रन बनाए।

जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 173 रन ही बना सकी। केएल राहुल और निकोलस पूरन के अर्द्धशतक बेकार गए। राहुल 58 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पूरन 64 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी छह गेंद पर लखनऊ को जीत के लिए 27 रन चाहिए थे, लेकिन टीम छह रन ही बना सकी।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायवाल क. पांड्या ब खान | 24 | 12 | 3/1 |
| बटलर क. राहुल ब. हक | 11 | 09 | 2/0 |
| सैमसन (नाबाद) | 82 | 52 | 3/6 |
| पराग क. दीपक ब. हक | 43 | 29 | 1/3 |
| हेटमायर क. राहुल ब. बिश्नोई | 05 | 07 | 0/0 |
| जुरेल (नाबाद) | 20 | 12 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल** | 193/04 | | |

**विकेट पतन** : 13-1, 49-2, 142-3, 150-4.

**गेंदबाजी :** मोहसिन खान 4-0-45-1, हक 4-0-41-2, पांडेया 4-0-19-0, बिश्नोई 4-0-38-1, ठाकुर 3-0-43-0, बदोनी 1-0-60.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डी कॉक क. बर्गर ब.बोल्ट | 04 | 05 | 1/0 |
| राहुल क. जुरेल ब. संदीप | 58 | 44 | 4/2 |
| पडिक्कल ब. बोल्ट | 00 | 03 | 0/0 |
| बदोनी क. बटलर ब. बर्गर | 01 | 05 | 0/0 |
| हुडा क. जुरेल ब. चाहल | 26 | 13 | 2/2 |
| पूरन (नाबाद) | 64 | 41 | 4/4 |
| स्टोनिस क. जुरेल ब. अश्विन | 03 | 04 | 0/0 |
| पांडया (नाबाद) | 03 | 05 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 14 | | |
| **कुल** | 173/6 | | |

**विकेट पतन** : 4-1, 10-2, 11-3, 60-4, 145-5, 154-6.

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, खान 3-0-25-1, चाहल 3-0-25-1, संदीप 3-0-22-1.

# पीसीबी ने रऊफ का अनुबंध किया बहाल

**एजेंसी, लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ द्वारा लिखित में अपनी गलती स्वीकार करने के बाद उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल कर दिया। पीसीबी ने फरवरी की शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के न्यूजीलैंड दौरे के बाद रऊफ का केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। रऊफ ने कार्यभार और बिग बैश लीग अनुबंध का हवाला देते हुए आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया था जिसके बाद अनुशासनात्मक आधार पर यह फैसला किया गया था। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि ऐसा लगता है कि कोई गलतफहमी हुई है।

# भारतीय फुटबॉल में हुआ काफी सुधार : एशले

**एजेंसी, गुवाहाटी**



अफगानिस्तान के फुटबॉल कोच एशले वेस्टवुड ने रविवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल में पिछले एक दशक में काफी सुधार हुआ है जिसमें खिलाड़ियों की फिटनेस में सुधार करना और सही 'कंडीशनिंग' का अहम योगदान रहा है। वेस्टवुड ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी पहले की तुलना में अब अधिक फिट हो गए हैं और मैदान पर भी ज्यादा समय बिताने में सक्षम हो गए हैं। वेस्टवुड ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''10 साल पहले जब मैं यहां आया था तो तब की तुलना में भारतीय फुटबॉल में काफी सुधार हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''हर खिलाड़ी शारीरिक रूप से फिट है।

# राजस्थान में केमिकल फैक्टरी में छह मजदूर जिंदा जले

**एजेंसी, जयपुर**



ग्रामीणों ने शव उठाने से किया इनकार

राजस्थान के बस्सी थाना इलाके के बैनाड़ा में शनिवार शाम केमिकल फैक्टरी में काम कर रहे छह मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा फैक्टरी में बॉयलर फटने के बाद लगी आग से हुआ।

मृतकों के परिजनों-ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया है। परिजन मुआवजा, फैक्टरी मालिक के खिलाफ कार्रवाई, अवैध फैक्टरी को बंद करने और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारी समझाने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार सुबह समाचार लिखे जाने तक शव उठाने पर सहमति नहीं बन पाई थी। पांच जले शव शनिवार शाम से ही फैक्टरी रखे हुए हैं, जबकि एक शव सवाई मानसिंह अस्पताल में रखा है। फैक्टरी के बाहर देर रात से ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा है। हादसे के बाद से गांव में चूल्हे नहीं जले हैं। दो गंभीर घायलों का एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश चौधरी ने बताया कि बस्सी थाना क्षेत्र में स्थित शालीमार फैक्टरी में शनिवार शाम करीब 6.30 बजे बायलर फटने से आग लग गई। हादसे में छह मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से झुलसे दो अन्य मजूदरों का सवाई मानसिंह अस्पताल की बर्न यूनिट में उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलने पर दमकल गाड़ियां और बचाव दल को मौके पर पहुंचाया गया। दमकल की नौ गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पुलिस उपायुक्त कावेंद्र सिंह सागर के अनुसार मृतकों की शिनाख्त बैनाड़ा निवासी हीरामल गुर्जर (30), गोकुल हरिजन (35), कृष्ण गुर्जर (30), मनोहर गुर्जर (32) बिशनपुरा निवासी बाबूलाल मीणा (42) के रूप में की गई है। बाबूलाल फैक्ट्री में सुपरवाइजर था। वहीं छठा मृतक मथुरा का रहने वाला है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय साहू ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**एजेंसी, रायपुर**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और क्रेडा सदस्य, युवा मितान क्लब के संभाग संयोजन, दुर्ग ग्रामीण के पूर्व जिला महामंत्री, विजय साहू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए अपने इस्तीफे में विजय साहू ने कहा है कि पार्टी अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का शोषण कर रहे हैं। आज पार्टी संगठन का संचालन जुआ, सट्टा, शराब, माफिया एवं असामाजिक तत्व के लोग कर रहे हैं। साहू ने भूपेश बघेल द्वारा कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहे जाने का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने पार्टी को खड़ा करने और उन्हें सीएम बनने में कड़ी मेहनत की वह आज उन्हें स्लीपर सेल लग रहे हैं। यह कार्यकर्ताओं का अपमान है। इन शब्दों से कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार टूट रहा है।

विजय साहू 36 वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए हैं जिसके चलते वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में इस बार जब प्रत्याशियों के पैनल बनाए गए, तब विजय साहू का नाम भी शामिल किया गया, लेकिन पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पारिवारिक सदस्य और भिलाई के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया गया जो 40 हजार मतो से चुनाव हार गए।

# मोबाइल फटने से घर में लगी आग, चार बच्चों की मौत

**एजेंसी, मेरठ**



उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक मकान में मोबाइल चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान में आग लग गई। आग में झुलस कर चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता गंभीर रूप से झुलस गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (8), संस्कार उर्फ गोलू (6) और कालू (4) गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां देर रात निहारिका और गोलू की मौत हो गई, जबकि सारिका और कालू ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया।

# मुख्तार अंसारी मामले में लापरवाही बरतने पर जेलर और दो डिप्टी जेलर निलंबित

**एजेंसी, बांदा**




जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के मामले में लापरवाही बरतने पर जेलर और दो डिप्टी जेलरों को निलंबित किया गया है। इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू हो चुकी। मुख्तार अंसारी के जेल में रहते हुए वर्ष 2016 से अब तक दो जेल अधीक्षक तीन जेलर और छह डिप्टी जेलर निलंबित हो चुके हैं।

एम्बुलेंस केस में मुख्तार अंसारी को गुरुवार को कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह कोर्ट नहीं पहुंचा। वकील के माध्यम से जज को प्रार्थना पत्र भेजकर उसने बांदा जेल में अपनी जान को खतरा बताया। पत्र में लिखा कि 19 मार्च को उसे जो भोजन दिया गया था, उसमें विषैला पदार्थ मिला था। इसे खाने के बाद वह बीमार हो गया था।

हाथ-पैर की नसों में तेज दर्द उठने लगा और ठंडे होने लगे। हालत ऐसी हो गई थी, जैसे उसके जान चली जाएगी। जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुराने मामले में जेलर योगेश कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार और अरविंद कुमार को सस्पेंड किया गया है।

**हमला** चार दिनों में तीसरी बार मिसाइल अटैक

# रूस ने यूक्रेन पर फिर दागी मिसाइल

**एजेंसी, कीव**



रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया। पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक रविवार को उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई। कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि हमले रूस के सेराटोव क्षेत्र के एंगेल्स जिले से शुरू किए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी में कोई जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य पोलैंड की ऑपरेशन कमान ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी यूक्रेन के शहरों के खिलाफ रूस द्वारा दागी गई क्रूज मिसाइलों में से एक ने सुबह पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

# खुलासा : अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर-2' में भूमिका के लिए डांस बार में बिताईं रातें

**एजेंसी, मुंबई**



एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर-2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। मुंबई, 24 मार्च (आईएएनएस)। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर-2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### पोरेल का धमाकेदार प्रदर्शन सकारात्मक चीज : आमरे



**चंडीगढ़।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे का कहना है कि मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा और इस दौरान उनका एक मुख्य तेज गेंदबाज भी चोटिल हो गया जो उनके अभियान की अच्छी शुरुआत नहीं है, लेकिन अभिषेक पोरेल की धमाकेदारी छोटी पारी सकारात्मक चीज है। दिल्ली कैपिटल्स ने अन्य बल्लेबाजों के विफल होने के बाद अंतिम ओवरों में पोरेल को 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर उतारा। इस 25 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने आते ही 10 गेंद में नाबाद 32 रन ठोककर अपनी टीम को नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाने में मदद की। उन्होंने कहा, ''अभिषेक पोरेल का प्रदर्शन सकारात्मक रहा। वह क्रीज पर उतरा और उसने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।'' दिल्ली को बड़ा झटका तब लगा जब उनके तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के टखने में चोट लग गयी। वहीं टीम ने सैम करन सहित तीन कैच छोड़े। सैम करने ने 63 रन की मैच विजयी पारी खेली।

### हर्षित राणा पर लगा मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार रन की जीत के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बयान के अनुसार राणा ने शनिवार को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के नियमों का उल्लंघन किया। इसमें कहा गया, ''उन पर दो उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत और 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।'' हालांकि आईपीएल के बयान में घटना के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है जिसके कारण उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया, लेकिन यह मयंक अग्रवाल के विकेट के बाद उनके जश्न मनाने के तरीके की वजह से हो सकता है। छठे ओवर में अग्रवाल को आउट करने के बाद राणा सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज के सामने पहुंचे और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी।

### पंत कुछ समय में फॉर्म हासिल कर लेगा : नवजोत सिद्धू



**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिद्धू को भरोसा है कि कार दुर्घटना के बाद लगभग 15 महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे। वह कार दुर्घटना से उबरने और 'रिहैबिलिटेशन' के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाए थे, लेकिन वापसी में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पंत 18 रन ही बना सके लेकिन वह विकेटों के बीच रन लेने में फुर्तीले थे। उन्होंने स्टंप के पीछे कैच लपका और एक स्टंपिंग भी की। सिद्धू ने दौरान कहा, ''वह दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं और विकेटों के बीच में अच्छी तरह दौड़ रहा है। वह अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। वह बस जल्द ही फॉर्म हासिल कर लेगा, यह बस समय की बात है।''

### डीएमके एक परिवार संचालित पार्टी : उदयनिधि स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु में पार्टियां एक-दूसरे पर लगातार हमला बोल रही हैं। हाल ही में भाजपा ने द्रमुक पर भाई-भतीजावाद को लेकर हमला बोला था। अब इस पर पलटवार करते हुए सत्तारूढ़ द्रमुक नेता और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि वह एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी से हैं क्योंकि पूरा तमिलनाडु करुणानिधि का है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने कहा कि वे (भाजपा) हमें (डीएमके) एक परिवार संचालित पार्टी कहते हैं। मैं इस बात से सहमत हूं कि पूरे तमिलनाडु की तरह डीएमके भी एक परिवार संचालित पार्टी करुणानिधि का परिवार है।

### एनडीए सहयोगी एएमएमके ने दो सीटों पर उम्मीदवारों का किया ऐलान

**चेन्नई।** भाजपा के साथ सीट बंटवारे का समझौता करने के बाद अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) ने रविवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एएमएमके महासचिव टीटीवी दिनाकरन ने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ सीट बंटवारे के समझौते के तहत एएमएमके दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दिनाकरन खुद थेनी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि सेंथिलनाथन त्रिची से लड़ेंगे। एनडीए गठबंधन में एएमएमके दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां टीटीवी दिनाकरन थेनी लोकसभा सीट से जबकि सेंथिलनाथन त्रिची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### फिल सॉल्ट बोले-रसेल हैं बेहतरीन स्ट्राइकर



**कोलकाता।** आंद्रे रसेल ने अंतिम ओवरों में छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचाया और उनके साथी फिल सॉल्ट का कहना है कि यह आल राउंडर अगर किसी दिन फॉर्म में आ जाए तो उस दिन दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन जाता है। रसेल ने शनिवार को 25 गेंद में सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेली। केकेआर के लिए पदार्पण करने वाले सॉल्ट 'द हंड्रेड' में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में रसेल के साथ खेल चुके हैं। उन्होंने शनिवार को केकेआर की जीत के बाद कहा कि 'मैं ड्रे (रसेल) के साथ 'द हंड्रेड' में खेल चुका हूं। वह गेंद के शानदार स्ट्राइकर हैं।

### श्रीकांत स्विस ओपन से बाहर, लिन चुन यि से हारे



**बासेल।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत की स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत की लय यहां चीनी ताइपे के लिन चुन यि से सेमीफाइनल में मिली हार के बाद खत्म हो गयी। पूर्व नंबर एक श्रीकांत एक गेम की बढ़त के बावजूद शनिवार रात एक घंटे पांच मिनट तक चले अंतिम चार मुकाबले में लिन चुन यि से 21-15 9-21 18-21 से हार गए। इस हार से 210,000 डॉलर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी।

### आंद्रे ने आईपीएल में लगाए सबसे कम गेंदों में 200 छक्के

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तूफानी खिलाड़ियों में से एक आंद्रे रसेल आईपीएल-2024 में केकेआर की तरफ से खेल रहे हैं। आंद्रे रसेल अपने तूफानी खेल के लिए जाने जाते हैं और हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में भी आंद्रे रसेल गेंदबाजों की धुलाई करते नजर आए। रसेल ने अपनी पारी में 7 छक्के लगाए और 25 गेंदों पर 64 रन की पारी खेली। इन 7 छक्कों की मदद से रसेल ने आईपीएल में अपने 200 छक्के भी पूरे कर लिए और वह इस लीग में सबसे कम गेंद खेलकर इतने छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गए।

### मुठभेड़ में दिल्ली के बदमाश को लगी गोली

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने मुठभेड़ कर शनिवार की रात एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एसीपी



अंकुर विहार ने बताया कि अंकुर विहार पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल आ रहे दो लोगों को पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरिफ सैफी ओल्ड मुस्तफाबाद दिल्ली घायल हो गया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। उसका दूसरा साथी फरार हो गया। घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस एवं लूटा गया मोबाइल बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में घायल हालत में अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में गाजियाबाद और दिल्ली में लूट एवं चोरी के कई अभियोग पंजीकृत हैं।